तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 8 अप्रैल 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 बैकुंठपुर-मनेन्द्रगढ़ हाइवे पर मौत का साया!



Chaitanya
chaitanya NEET Academy
कम फीस में, बेहतर शिक्षा
डॉ बनने का सपना पूरा करें
ADMISSION OPEN
NEET
Dropper Batch
CRASH COURSE | DROPPER COURSE | FOUNDATION COURSE
9202462730

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

# दंतैल को ट्रेंक्यूलाइज करने मिली शासन की स्वीकृति, पहुंचे विशेष चिकित्सक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- खतरनाक दंतैल मिला लोनर हाथियों के दल में
- अधिकारी कर रहे व्यवहार की निगरानी

पिछले एक सप्ताह से वन विभाग एवं ग्रामीणों के लिए खतरा बने दंतैल को ट्रेंक्यूलाइज करने की स्वीकृति शासन ने दे दी है। विभाग के प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने के साथ ही शनिवार को कानन पेंडारी के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ.पीके चंदन वन परिक्षेत्र प्रतापपुर पहुंच गए हैं। दंतैल द्वारा असामान्य व्यवहार करने पर चिकित्सक कभी भी उसे ट्रेंक्यूलाइज कर सकते हैं।

नौ दिन पूर्व झारखंड के सीमावर्ती जंगल से सरगुजा के जंगल में दस्तक देने वाला नर हाथी बेहद कम उम्र होने के बावजूद अपने परिवार से अलग होने के बाद काफी आक्रामक हो चुका है। वह दिन-रात तेज रफ्तार से एक जंगल से दूसरे जंगल में भ्रमण कर रहा है तथा एक दिन में 40 किमी लम्बी दूरी तय कर रहा है। उसके असामान्य व्यवहार को देखते हुए वन अमला दिन-रात उसकी निगरानी कर रहा है इसके बावजूद वह लगातार जनहानि कर रहा है। हाथी बलरामपुर एवं सूरजपुर वन मंडल के अलग-अलग क्षेत्रों में तीन ग्रामीणों की जान ले चुका है। शनिवार को मध्यरात्रि उसने वन परिक्षेत्र प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम दरहोरा में एक ग्रामीण को कुचलकर मार डाला था। दंतैल के अस्वाभाविक व्यवहार को देखते हुए विभाग ने दंतैल को ट्रेंक्यूलाइज कर रेडियों कॉलर लगाने का प्रस्ताव भेजा था ताकि उसके भ्रमण की जानकारी विभाग को मिल सके। शासन ने शनिवार को विभाग के प्रस्ताव की स्वीकृति दे दी है। स्वीकृति मिलने के साथ ही शनिवार को कानन पेंडारी के चिकित्सक डॉ.पीके चंदन पूरी तैयारी के साथ पहुंचे तथा हाथी पुनर्वास केंद्र के चिकित्सक डॉ.अजीत पाण्डेय के साथ जंगल का भ्रमण किया। दंतैल की तबाही से परेशान अधिकारी तत्काल अभियान शुरू करने की योजना बना रहे थे लेकिन दंतैल की मौजूदगी की जानकारी नहीं मिलने के कारण उसे तलाश कर फिलहाल उसके व्यवहार का अध्ययन करने की योजना पर काम करने का निर्णय लिया गया है। चिकित्सक एवं वन अधिकारी फिलहाल दंतैल के निगरानी करने के साथ ही उसके व्यवहार का अध्ययन कर रहे है।



ड्रोन से जंगल में दंतैल के मौजूदगी का पता लगाते वनकर्मी।

## पूरे दिन चलती रही तलाश

शनिवार को चिकित्सक, वन अधिकारी, हाथी मित्र दल के सदस्य एवं वन अमला पूरे दिन अलग-अलग जंगलों में हाथी की मौजूदगी का पता लगाते रहे। क्षेत्र के ग्रामीण अलग-अलग क्षेत्रों में हाथी की हलचल होने एवं चिंघाड़ सुनने का हवाला दे रहे थे। इस दौरान वाइल्ड लाइफ सीएफ केआर बढ़ई एवं डीएफओ पंकज कमल भी टीम के साथ मौजूद थे। ग्रामीणों की सूचना पर टीम ने सरहरी, धरमपुर, मठगोडी, पार्वतीपुर जंगल को छान लिया लेकिन कहीं भी वह नहीं मिला। हाथी को तलाशने ड्रोन भी उड़ाया गया लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। अंत में टीम उसके पानी पीने के लिए बांक नदी पहुंचने की संभावना पर नदी किनारे पहुंची तो सरहरी में हाथी का पदचिन्ह दिखा। नदी के दोनों ओर हाथी के पद चिन्ह मिले। रात्रि 11 बजे हाथी के ग्राम सरहरी एवं धरमपुर के बीच कक्ष क्रमांक आरएफ 3334 में मौजूद होने की जानकारी मिली।

### लोनर हाथियों के दल में मिला

वन परिक्षेत्र प्रतापपुर के विभिन्न जंगलों में तीन दंतैल अकेले भ्रमण कर रहे थे। एक सप्ताह पूर्व तीनों लोनर एक साथ मिल गए हैं तथा धरमपुर जंगल में भ्रमण कर रहे हैं। रविवार की रात खतरनाक दंतैल भी उनके दल में शामिल हो गया है। वन अधिकारियों ने बताया कि दल में शामिल होने के बाद हाथी का व्यवहार बदला है तथा वह अब धीमी गति से 3-4 किमी की दूरी ही तय कर पा रहा है। ट्रैंक्यूलाइज करने के लिए दंतैल को अलग करने की जरूरत पड़ेगी। ऐसे में सभी लोनर हाथी अलग हुए तो खतरा बढ़ जाएगा। अकेले हाथी अलग-अलग क्षेत्रों में तबाही मचाएंगे। स्थिति को देखते हुए फिलहाल टीम ने हाथी की निगरानी करने एवं दंतैल के व्यवहार का अध्ययन करने का निर्णय लिया है।

### मिला एक रेडियो कॉलर

शासन द्वारा सुरक्षा के लिए खतरनाक बने दंतैल को ट्रेंक्यूलाइज कर रेडियोकॉलर लगाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। शासन विभाग को एक रेडियो कॉलर भी उपलब्ध कराया है। विभाग को इसके पूर्व वाइल्ड लाइफ एसओएस ने ऑस्ट्रेलिया से 6 रेडियो कॉलर खरीदा था जिसे सरगुजा में सक्रिय अलग-अलग दल के हाथियों को लगाया गया था। हाथियों ने अपनी गर्दन में लगे रेडियोकॉलर को निकाल दिया था। कुछ हाथियों को दोबारा कॉलर लगाया गया अब बैटरी कालातीत होने के कारण लाखों के रेडियो कॉलर विभाग के गोदाम में कबाड़ बनकर धूल खा रहे है।

### की जा रही निगरानी

दंतैल लोनर हाथियों के दल में शामिल हो गया है। दल में शामिल होने के बाद उसके व्यवहार में बदलाव आया है। फिलहाल उसकी नियमित निगरानी कर उसके व्यवहार का अध्ययन किया जा रहा है।

-केआर बढ़ई
सीएफ, वाइल्ड लाइफ

## खबर संक्षेप

### खेलते खेलते कुएं में गिरकर बच्ची की मौत

**अंबिकापुर।** बच्चों के साथ खेलते खेलते दस वर्षीया बालिका की कुएं में गिरने से मौत हो गई। देर शाम बच्ची की लाश कुएं से बरामद की गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। इस घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है। बताया जा रहा है कि 6 अप्रैल को कुसमी के वार्ड क्रमांक 10 निवासी 10 वर्षीया सुप्रिया कश्यप आ. हीरा कश्यप मोहल्ले के अन्य बच्चों के साथ लुका छिपी खेल रही थी। इस दौरान अचानक ही बच्ची गायब हो गई। चूंकि गाँव में ही रामनवमी पर मेला लगा तो तो परिजन ने सोंचा बच्ची किसी के साथ मेला में गई होगी लेकिन जब वह देर शाम तक वापस घर नहीं लौटी तो परिजन ने उसकी तलाश शुरू की। बच्ची के लापता होने की जानकारी परिजन ने पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस द्वारा भी बच्ची की तलाश की जा रही थी। इस दौरान बच्ची के घर से 100 मीटर दूरी पर स्थित एक कुएं में बच्ची के गिरने की संभावना जताई गई। इस दौरान पास मौजूद एक ग्रामीण ने भी पुलिस को बताया कि उसे पानी में कुछ गिरने की आवाज आई थी लेकिन उसने ध्यान नहीं दिया। ऐसे में पुलिस द्वारा जब कुएं में तलाशी की गई तो बच्ची की लाश बरामद हुई। पुलिस द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद लाश को बाहर निकाला गया। इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। इस घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है जबकि परिजन का रो रोकर बुरा हाल है।

### बोलेरो को चोरों ने किया पार, अपराध दर्ज

**मानीचौक।** रविवार की रात में ग्राम पोड़ी निवासी गोपाल दास ने रामनवमी के अवसर पर कुदरगढ़ में पनिका समाज द्वारा निःशुल्क भंडारा का आयोजन किया गया था जहां समाज के कार्यकर्ताओ को लेकर गया था। वापस आकर शाम करीब नौ बजे कुमकरन सिंह के ट्रैक्टर स्टैंड में बोलेरो को खड़ा कर अपने घर चला गया जब सुबह कहीं जाने के लिए बोलेरो की चाबी लेकर गाड़ी के पास पहुंचा तो देखा कि बोलेरो मौके से गायब थी। बोलेरो के गायब हो जाने पर गांव सहित अन्य परिचित के यहां पता किया लेकिन बोलेरो का कहीं पता नहीं चला। इसी बीच पास के ग्राम पंचायत में पता चला कि बोलेरो ग्राम पंचायत में है। बोलेरो वाहन ग्राम बेलटिकरी के सुनसान जगह पर मेन रोड में रात से लावारिस हालत में खड़ा है। बोलेरो के लावारिस हालत में खड़ा होने की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने चोरी की गई बोलेरो को बरामद किया । बताया जा रहा है कि वाहन में डीजल कम था जिस कारण दस पंद्रह किलोमीटर चलने के बाद दुर्घटनाग्रस्त स्थिति में बेलटिकरी में खड़ा कर मौके से फरार हो गए। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी विमलेश दुबे ने बताया कि घटना के संबंध में कोई शिकायत नहीं मिली है । शिकायत मिलने पर जांच शुरू की जाएगी।

### टिफिन बम लगाने के मामले में पुलिस कर रही थी आरोपी की तलाश

# कुख्यात एरिया व सब जोनल नक्सली कमांडर राजेंद्र खैरवार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- दर्जनों नक्सली गतिविधियों में रह चुका है शामिल

बलरामपुर पुलिस ने कुख्यात माओवादी नक्सली राजेन्द्र सिंह खैरवार उर्फ दिलीप जी को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने आरोपी को झारखंड से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए नक्सली के खिलाफ मारपीट, लूट, हत्या, पुलिस पार्टियों पर गोलीबारी करने, विस्फोट करने जैसे गंभीर आरोप है। आरोपी ने छत्तीसगढ़ के साथ ही झारखंड में नक्सली घटनाओं को अंजाम दिया। आरोपी नक्सली को इसके पहले भी पुलिस ने गिरफ्तार किया था लेकिन उसके बाद वह जेल से छूट गया और फिर से नक्सल गतिविधियों में शामिल हो गया।

बता दें कि प्रदेशभर में नक्सलियों के खिलाफ अंतिम लड़ाई लड़ी जा रही है और यही वजह है कि नक्सली अब बैकफुट पर आ गए है। इस बीच बलरामपुर जिले की पुलिस ने भी एक बड़ी सफलता हासिल की है। एसपी वैभव बैंकर ने बलरामपुर जिले में लंबित अपराधों की समीक्षा के दौरान नक्सल मामलों में भी गंभीरता से जांच के निर्देश दिए थे। एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी, एसडीओपी इम्मानुएल लकड़ा के नेतृत्व में जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली थी कि कुख्यात नक्सली राजेन्द्र खैरवार झारखंड में छिपा हुआ है। सूचना के बाद पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी झारखंड गढ़वा के रमकंडा उदयपुर निवासी 40 वर्षीय माओवादी नक्सली राजेन्द्र सिंह खैरवार उर्फ दिलीप जी उर्फ विश्वनाथ आ. राजबली को हिरासत में लिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी राजेन्द्र सिंह खैरवार उर्फ दिलीप जी वर्ष 2000 से पीडब्ल्यूजी (पीपुल्स वार ग्रुप) नक्सली संगठन में एरिया कमांडर खुदीसिंह के साथ शामिल होकर एरिया कमाण्डर एवं सबजोनल कमाण्डर के पद पर सशस्त्र दल में सक्रिय था। वर्ष 2000 से 2015 तक भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी (माओवादी) नक्सली संगठन का काम कर रहा था इस दौरान उसने नक्सली दस्ते में शामिल होकर कई घटनाओं को अंजाम दिया। वर्तमान में पुलिस को आरोपी की तलाश टिफिन बम लगाने के मामले में की जा रही थी। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी को धारा 4 (ख) विस्फोटक पदार्थ अधिनियम व छग जन विशेष जन सुरक्षा अधिनियम 2005 की धारा 8 (1) (3) (5) के तहत गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक विजय प्रताप सिंह, प्रधान आरक्षक जेम्स लकड़ा, आरक्षक कृष्णा मरकाम, आदित्य कुजूर सहित अन्य सक्रिय रहे।



पुलिस गिरफ्त में कख्यात नक्सली।

## टिफिन बम से लगाया था घात

पुलिस के अनुसार 18 मार्च 2015 को पुलिस को सूचना मिली थी कि पुलिस व सीआरपीएफ बल के सबाग से चुनचुना पुंदाग के बीच आने जाने वाले रास्ते में जवानों और ग्रामीणों के जाल माल को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से नक्सलियों ने टिफिन बम गाड़कर रखा है। सूचना के आधार पर पुलिस बल, सीआरपीएफ व बीडीएस टीम को मौके पर रवाना किया गया। घटना स्थल चुनचुना आमा कुरगा के पास स्नीफर डॉग से सर्च के दौरान टिफिन बम बरामद किया गया था। इस दौरान बीडीएस की टीम ने टिफिन बम को निष्क्रिय किया गया था। इसी मामले में पुलिस द्वारा आरोपी की तलाश की जा रही थी और पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

### इन घटनाओं में रहा शामिल

पुलिस के अनुसार माओवादी नक्सली राजेन्द्र सिंह खैरवार ने वर्ष 2000 से 2015 के मध्य अनेकों नक्सली घटनाओं में शामिल रहा। वर्ष 2000 से 2002 के मध्य नक्सलियों के साथ मिलकर थाना भंडरिया के ग्राम मरदा बरगड़ में पुलिस के साथ मुठभेड़, थाना रंका में चिनिया घाट में पुलिस के साथ मुठभेड़ किया। छग राज्य के सरगुजा जिला के चांदो थाना के गाम शाहपुर में पुलिस से मुठभेड़ किया तथा बाद में ग्रामीणों की हत्या की। ग्राम चंदननगर में एहसान मियां एवं उमर फारूख से मारपीट, ग्राम भंवरमाल के भागीरथी गुप्ता (वकील) की बन्दूक को लूटा एवं पिटाई की, ग्राम महावीरगंज में मुमताज मिया एवं दीक्षित की बंदूक लूटी, बुलगांव के कुवंर सिंह के घर घुसकर मारपीट की। वर्ष 2006 से अक्टूबर 2008 तक झारखण्ड राज्य के भंडरिया थाना के बरगड़ के पास कुशमहा चेंगरी में पुलिस पार्टी पर विस्फोट, ग्राम जोनीखाड़ में मारपीट कर हत्या करने में, ग्राम सुतनी महुआ में पुलिस के साथ मुठभेड़ करने में, ग्राम मुटकी के महादेव भुईहर की हत्या करने में, ग्राम जोन्हीखाड़ तथा रामरसतबहनी में पुलिस के साथ मुठभेड़ करने में शामिल था। रामचंद्रपुर थाना के ग्राम हरिहरपुर में मोबाइल टावर जलाने में हासनदाग घाट में गोलीबारी कर विस्फोट से एसडीओपी की गाड़ी जलाने में एवं आईजी के ऊपर उचरवा में गोली चलाकर आहत करने में तथा कनहर नदी में पुलिस के उपर गोली चलाने में शामिल रहा रहा। चांदो थाना के बंदरचुआं में बम लगाने में तथा आमा झरिया पुन्दाग में घात लगाकर 3 जवानों की हत्या व 6 को घायल करने में, चुनचुना रास्ता में बम ब्लास्ट करने में में शामिल रहा। अक्टूबर 2014 में जेल से छूटने के बाद अपने अपना दस्ता बनाकर भी वह कई नक्सली घटनाओं, लूट, मारपीट, अवैध उगाही जैसे वारदात में शामिल रहा। अंतिम बार रघुनाथ नगर पुलिस ने इसे वर्ष 2015 में गिरफ्तार कर एक 315 बोर बंदूक बरामद किया था।



# नशा मुक्ति केंद्र में दाखिल युवक की मारपीट से मौत, जांच में खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- हत्या के मामले में पुलिस ने एक नाबालिग सहित 9 को किया गिरफ्तार

नशा मुक्ति केंद्र में युवक की संदिग्ध मौत हो जाने के मामले में पुलिस ने जांच उपरांत हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस घटना में शामिल एक अपचारी समेत 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिल ग्राम तेजपुर पोड़ी निवासी वर्षा पति विजय कुमार ने कोतवाली पुलिस को सूचना दिया कि 26 मांर्च को अपने पति विजय कुमार को नशा मुक्ति केन्द्र सूरजपुर में भर्ती की थी जो 29 मार्च को अस्पताल से सूचना मिला कि विजय कुमार का तबियत खराब है होने तथा पति की मृत्यु होने की सूचना मिली। सूचना पर मर्ग कायम कर शव पंचनामा के बाद पीएम कराया गया। इधर मामले की सूचना पर एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने मामले की बारीकी से सहित सभी पहलुओं पर जांच करने के निर्देश दिए। कोतवाली पुलिस ने मर्ग जांच के दौरान गवाहों के कथन लिए और मृतक के पीएम रिपोर्ट एवं नशा मुक्ति केंद्र में लगे सीसीटीव्ही फुटेज तथा संकलित साक्ष्य से पाया गया कि मृतक विजय कुमार की मृत्यु मारपीट करने के कारण से मौत हो हुई है। जिस पर पुलिस ने धारा 103, 191(2) के तहत मामला दर्ज किया7 प्रकरण की विवेचना के दौरान आरोपी लुण्ड्र थाना क्षेत्र के भुलगा निवासी विरेन्द्र आा. रामाधार अगरिया (23 वर्ष), मैनपाट लुनैरा निवासी तेन्जिंग छंगपा आ. स्व. सावोथर छंगपा तिब्बती (43 वर्ष), महुआडांड अंतर्गत प्रतापपुर निवासी राजदेव तिवारी आ. स्व. रमेश तिवारी (21 वर्ष), मोहनिया थाना अंतर्गत ग्राम जिगना निवासी संतोष गोस्वामी आ.केश्व गोस्वामी (25 वर्ष), करंजी नावापारा निवासी कृष्णा कुमार प्रजापति आ. साधुराम (38 वर्ष), चरचा कॉलरी निवासी मनोज कुमार कर्ष आ. संतू कर्ष (27 वर्ष), नमदगिरी निवासी लक्ष्मी प्रसाद आ. रूप विसेन (24 वर्ष), ग्राम ढोढीबहार थाना कासाबेल निवासी अमित तिग्गा आ. स्व. तारासिरूयूब तिग्गा (39 वर्ष)व एक विधि विरूद्ध संघर्षरत बालक के विरूद्ध अपराध दर्ज कर सबूत पाए जाने पर पकड़ा गया। पूछताछ पर आरोपियों ने वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की । विधि विरुद्ध संघर्षरत बालक को विधि अनुसार किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया है। जबकि अन्य आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहां सभी को जेल भेज दिया गया है।

# फाइनेंस कंपनी के नाम पर ठगी करने का फरार आरोपी गिरफ्तार

**बलरामपुर।** तीन वर्षों से फरार चल रहे ठगी के आरोपी को पुलिस ने झारखंड से पकड़ने में सफलता मिली है। आरोपी ने लोगों से फाइनेंस कराने के नाम पर ठगी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस के अनुसार मनोज कुमार द्वारा वर्ष 2022 में थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि रांची के मल्लिकार्जुन नाम के फर्जी फाइनेंस कंपनी के निदेशक संगीता गोप, संस्थापक अर्जुन गोप द्वारा 60 प्रतिशत में किसी तरह की छोटी-बड़ी फाइनेंस कराने के नाम पर ठगी की वारदात को अंजाम दिया गया था। इस मामले में पुलिस द्वारा पूर्व में फर्जीवाड़ा करने वाली कंपनी के मुख्य आरोपी अर्जुन गोप, संगीता गोप, चंदेश्वर तिग्गा व अन्य लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। इस घटना के मामले में कंपनी का अकाउंटेंट दीपक गोप फरार चल रहा था। लंबित मामलों की जांच को लेकर एसपी वैभव बैंकर द्वारा दिए गए निर्देश एक बाद एक बार फिर से पुलिस टीम द्वारा आरोपी की तलाश की जा रही थी। इस मामले में पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर वर्ष 2022 से फरार चल रहे झारखंड गुमला निवासी 23 वर्षीय दीपक गोप आ. बल्ली गोप को उसके निवास से हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को भादवि की धारा 420,120बी, 34 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी भापेन्द्र साहू, उनि केपी सिंह, प्रधान आरक्षक शिपक शर्मा, आरक्षक सूरज मरावी, पंकज शर्मा व साइबर सेल की टीम सक्रिय रही।



### हाईकोर्ट ने डीएफओ को दिया है महामाया पहाड़ के अतिक्रमणकारियों का पक्ष सुनने का निर्देश

# सुनवाई के दौरान पक्षकारों ने किया डीएफओ कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

दो महीने पूर्व वन विभाग द्वारा महामाया पहाड़ पर की गई अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई के बाद उच्च न्यायालय ने फिर से प्रभावित लोगों के पक्ष की सुनवाई करने का निर्देश दिया है। वन मण्डलाधिकारी द्वारा उच्च न्यायालय के निर्देश पर सुनवाई प्रारम्भ कर दी है। सोमवार को अपना पक्ष रखने पहुंचे लोगों ने डीएफओ कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर जमकर हंगामा मचाया।

महामाया पहाड़ पर अतिक्रमण का विवाद लंबे समय से चल रहा है। कई बार की जांच एवं नोटिस के बाद विभाग ने जनवरी महीने में अभियान चलाकर महामाया पहाड़ पर वन भूमि में बने 40 घरों को जेसीबी से ढहा दिया था जिसके बाद अतिक्रमणकारी खानाबदोश का जीवन जी रहे हैं। विभाग की कार्रवाई के बाद प्रभावित 15 लोगों ने हाईकोर्ट की शरण ली थी। हाईकोर्ट ने मामले में याचिकाकर्ताओं का पक्ष सुनने के निर्देश दिए थे। वन मण्डलाधिकारी ने फरवरी में तिथि निर्धारित कर उपस्थित लोगों का पक्ष सुना। हाल ही में कार्रवाई से प्रभावित 24 लोगों ने उच्च न्यायालय में याचिका लगाई थी। कोर्ट ने फिर से याचिकाकर्ता के पक्ष की सुनवाई करने का निर्देश दिया है। विभाग द्वारा प्रभावित लोगों के पक्ष की सुनवाई की जा रही है। सोमवार को सभी पक्षकार अपने अधिवक्ता अनिस वारिसी के साथ अपना पक्ष रखने गए थे। अधिवक्ता का कहना है कि वनमण्डलाधिकारी ने अधिवक्ता का पक्ष सुनने से इंकार किया। डीएफओ ने कहा कि पक्षकार ही अपनी बातें रखेंगे जबकि अधिवक्ता को किसी भी पक्षकार की बात रखने का अधिकार है। कार्रवाई से प्रभावित कथित वनभूमि वास्तव में खसरा क्रमांक 353, 356 रकबा 50 एकड़ का हिस्सा है। विभाग संयुक्त टीम बनाकर इसकी जांच कराए। हमारे पास भूमि का रिकॉर्ड उपलब्ध है। भूमि सीमांकन कराने का भी आदेश है लेकिन अभी सीमांकन नहीं किया गया है। मामले में न्याय नहीं मिला तो हम उच्च न्यायालय जाएंगे। मामले में डीएफओ टी शेखर ने बताया कि उच्च न्यायालय द्वारा याचिकाकर्ताओं के पक्ष की सुनवाई करने का निर्देश दिया है। पक्षकार अपनी बात रखने में सक्षम हैं। पक्षकार अधिवक्ता के साथ अपना पक्ष रखने की बात पर पूरे दिन हंगामा मचाते रहे। सुनवाई के लिए 8 एवं 9 अप्रैल की तिथि निर्धारित की गई है। भविष्य में सुनवाई प्रभावित न हो इसके लिए पुलिस बल की मांग की जाएगी। मामले से संबंधित अन्य लोग भी अपनी बात रख सकते है। ऐसे लोग याचिकाकर्ताओं के पक्ष रखने के बाद अपना पक्ष रख सकते है। सुनवाई में न्यायालय के निर्देशों का पूरी तरह पालन किया जा रहा है।



# आसमान साफ होते ही चलने लगी पश्चिम की गर्म हवाएं, पड़ेगी भीषण गर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पहली बार दिन का तापमान पहुंचा 38 .5 डिग्री

आने वाले दिनों में लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। मौसम में आए बदलाव के कारण अब राजस्थान से गर्म हवाएं पहुंच रही हैं जिसका असर तापमान पर पड़ रहा है। मौसम विज्ञानी तापमान बढ़ने के साथ ही हवाएं चलने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से आसमान पर छाए बादलों के छंटते ही गर्मी ने अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। इसके पूर्व मार्च के पूर्वार्द्ध में राजस्थान से गर्म हवाओं का प्रवाह चला था जिसके कारण भीषण गर्मी पड़ी थी। गर्म हवाओं के प्रभाव से दिन का तापमान 38.1 डिग्री से उच्च स्तर पर पहुंच गया था। दूसरे दिन विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण गर्मी से राहत मिल गई थी। इस दौरान गर्मी दो दिन ही प्रभावी रही इसके बाद बीच-बीच में पछुआ विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण गर्मी नियंत्रित रही। हाल में सक्रिय विक्षोभ का प्रभाव खत्म होने के बाद फिर से राजस्थान में भीषण गर्मी शुरू हो गई है जिसका प्रभाव पश्चिम भारत के अन्य राज्यों पर पड़ रहा है। पश्चिम की हवा अपने साथ राजस्थान की गर्मी लेकर पहुंच रहा है जिससे वातावरण की नमी तेजी से सूख रही है तथा शुष्कता बढ़ रही है। पश्चिम के गर्म हवाओं के प्रभाव से तापमान बढ़ने का क्रम पिछले दो दिनों से जारी है। सोमवार को सूर्योदय होने के साथ गर्मी बढ़ने लगी। पूरे दिन चिलचिलाती धूप निकलने के कारण दोपहर में लोगों का आवागमन प्रभावित रहा। चालू सीजन में सोमवार को पहली बार अधिकतम तापमान 38.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। पिछले 24 घंटे में अधिकतम तापमान में 1.0 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है। आंशिक बदलाव के साथ पिछले दो दिनों से न्यूनतम तापमान 19.0 डिग्री सेल्सियस पर स्थित है। मौसम विज्ञानी भविष्य में रात के तापमान में वृद्धि होने के साथ ही पूरे दिन गर्म हवाएं चलने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। फिलहाल न तो बंगाल की खाड़ी में न ही अरब सागर में ही कोई हलचल है न ही कोई सिस्टम सक्रिय है। ऐसे में फिलहाल गर्मी से राहत मिलने की संभावना नहीं है।

## खबर संक्षेप

### पीपीटी परीक्षा के लिए आवेदन शुरू

**बैकुंठपुर।** छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा सत्र 2025-26 के लिए प्री-पॉलिटेक्निक टेस्ट (पीपीटी) की अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह परीक्षा प्रदेश के पॉलिटेक्निक संस्थानों में डिप्लोमा कोर्सों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है। ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च से शुरू हो चुका है, जो 11 अप्रैल की शाम 5 बजे तक फॉर्म भरे जा सकेंगे। जिन आवेदकों से फॉर्म भरते समय कोई त्रुटि हो जाती है, वे 12 से 14 अप्रैल तक त्रुटि सुधार कर सकेंगे। परीक्षा का आयोजन 1 मई को सुबह 9 से दोपहर 12:15 बजे तक किया जाएगा। यह परीक्षा राज्य के सभी 33 जिला मुख्यालयों में आयोजित होगी। प्रवेश पत्र 22 अप्रैल से व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

### न्यू लाइफ में मनाया गया विश्व स्वास्थ्य दिवस

**बैकुण्ठपुर।** न्यू लाईफ इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग में बीएससी नर्सिंग प्रथम सेमेस्टर के छात्राओं द्वारा 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाने के शुरूआत डब्लूएचओ के द्वारा वर्ष 1950 में हुई थी। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम हेल्थी बिगनींग होपफुल फ्यूचर (स्वस्थ्य शुरूआत आषापूर्ण भविष्य) लोगों के जीवन में अच्छे स्वास्थ्य को शामिल करके जीवन प्रत्यासा को बढ़ाना और स्वस्थ्य जीवन को बढ़ावा देना है और इसके किशोर अवस्था से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं को रोकने के लिए नए युग के युवाओं को भी इस कार्यक्रम द्वारा लक्षित किया गया है। इस दिन का उद्देश्य लोगों को अपने भविष्य में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। प्रत्येक व्यक्ति स्वस्थ रहे एवं उन्हें अच्छे इलाज की सुविधा मिल सके, गर्भवती महिआ एवं बच्चों का विकास अच्छा हो। साथ ही लोग स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो, ताकि दुनियाभर में फैली गंभीर बीमारियों का रोकथाम किया जा सके। मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए हमें अपनी जीवन शैली में कुछ महत्वपूर्ण बदलाव जैसे-संतुलित आहार-भोजन में हरी सब्जियां, अनाज, प्रोटीन युक्त आहार, पूरी नींद, योग एवं व्यायाम करना जरूरी है। बीएससी नर्सिंग छात्र-छात्राओं द्वारा अच्छे स्वास्थ्य के नुस्खे, लाभ, योगा, तनावमुक्त जीवन, अच्छे सोच विचार, अच्छे स्वास्थ्य, वातावरण, स्वच्छ भोजन, परिवारिक स्वास्थ्य के बारे में स्वास्थ्य शिक्षा दिया गया। कार्यशाला का आयोजन असिस्टेंट प्रोफेसर कौशिल्या कोर्चे एवं ट्यूटर कोमल साहू और बीएसी नर्सिंग प्रथम सेमेस्टर के छात्राओं द्वारा संस्था के प्राचार्य डॉ. अंजना सैम्यूल के मार्गदर्शन एवं समस्त नर्सिंग स्टाफ, नर्सिंग छात्र-छात्राओं के उपस्थिति में किया गया।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर रक्तदान शिविर

**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में सोमवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ में एक वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार किया गया, जिसकी शुरूआत चेयरमैन शैलेश जैन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अविनाश खरे की उपस्थिति में हुई। शिविर में कुल 11 रक्तदाताओं ने रक्तदान किए। इसमें जसपाल, रिंकेश खन्ना, विवेक जायसवाल, राजकुमार पांडेय, श्रीमती अंजनी यादव, रामनरेश पटेल, जयनारायण पांडेय, टी. विजय गोपाल राव, संजीत सिंह, जगदीप सिंह कोहली और हरीश गुप्ता शामिल रहे। विशेष उल्लेखनीय यह रहा कि रक्तदाताओं में एक महिला अंजनी यादव और 23 वर्षीय युवक जगदीप सिंह कोहली ने सातवीं बार रक्तदान कर समाज के लिए प्रेरणा का कार्य किया। केन्द्रीय चिकित्सालय मनेन्द्रगढ़ के ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. लवलेश गुप्ता ने इस अवसर पर अपना रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। उनके साथ-साथ रूपेन्द्र सिंह, सिस्टर रश्मि गुप्ता, रेडक्रॉस सोसाइटी के नोडल अधिकारी सोमेश मंडल, विधिक साक्षरता शिविर के प्रतिनिधि अंजनी यादव एवं शंकर सिंह की सक्रिय भूमिका आयोजन में रही। विश्व स्वास्थ्य दिवस जैसे वैश्विक अवसर पर जिले के नागरिकों का यह प्रयास न केवल मानवता के लिए एक उदाहरण है बल्कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को भी मजबूती प्रदान करता है।

### जामदुआरी जंगल में गिर सकते हैं पेड़, हादसे की आशंका

# बैकुंठपुर-मनेन्द्रगढ़ हाइवे पर मौत का साया!

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के बैकुंठपुर-मनेन्द्रगढ़ राष्टीय राजमार्ग पर नगर गांव के आगे जामदुआरी जंगल में हादसे को दावत देते पेड़ प्रशासन की लापरवाही को उजागर कर रहे हैं। सड़क किनारे कई पेड़ अपनी जड़ों से उखड़ने की कगार पर हैं, जो कभी भी गिर सकते हैं।

मिट्टी कटाव और बारिश के दौरान भूस्खलन से यह इलाका और भी खतरनाक हो जाता है,इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग आंख मूंदे बैठे हैं। यह सड़क कोरिया जिले को अंबिकापुर और अन्य बड़े शहरों से जोड़ती है। हर दिन हजारों वाहन यहां से गुजरते हैं, इनमें बसें, ट्रक, एंबुलेंस और आम राहगीर शामिल हैं। तेज हवा चलने या बारिश होने पर इन पेड़ों के गिरने का खतरा और बढ़ जाता है। पिछले कुछ सालों में यहां कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन प्रशासन की सुस्ती बरकरार है। उल्लेखनीय है कि बरसात के मौसम में इस इलाके में भू-स्खलन की घटनाएं आम हैं। मिट्टी का कटाव होने के कारण सड़क के किनारे की जमीन कमजोर हो चुकी है, इससे कई पेड़ झुक गए हैं। इनकी जड़े बाहर आ गई हैं और यह कभी भी गिर सकते हैं। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले दिनों में बड़ी दुर्घटनाएं हो सकती हैं। कुल मिलाकर जामदुआरी जंगल के पेड़ और भू-स्खलन का खतरा हजारों लोगों की जान जोखिम में डाल रहा है। अगर समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो यह गंभीर हादसों का कारण बन सकता है। प्रशासन को चाहिए कि जल्द से जल्द ठोस कदम उठाए और इस समस्या का स्थायी समाधान निकाले।



एनएच सड़क के बगल में झूके पेड़।

#### विभाग बेपरवाह, लोगों में आक्रोश

स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार वन विभाग और एनएच के विभागीय अधिकारियों को इस खतरे से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों की मांग है कि जल्द से जल्द इन खतरनाक पेड़ों को हटाया जाए और भू-स्खलन को रोकने के लिए जरूरी उपाय किए जाएं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो यह इलाका दुर्घटनाओं का हॉटस्पॉट बन सकता है। जरूरत इस बात की है कि वन विभाग और एनएच की संयुक्त रूप से सर्वे कर खतरनाक पेड़ों को हटाने की प्रक्रिया शुरू करें, इसके अलावा सड़क किनारे मिट्टी कटाव को रोकने के लिए भी उचित कदम उठाए जाने चाहिए।

#### पत्राचार किया गया है

हमारे द्वारा इस संबंध में वन विभाग को लिखित तौर पर पत्राचार किया गया है। आगे की कार्रवाई वन विभाग को करनी है। यह हमारे अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है।

**-मोहन सिंह नागरे**
एसडीओ एनएच

# तीन करोड़ की लागत से बनने वाले सीएचसी का भूमिपूजन

**बैकुण्ठपुर/खड़गवां।** सोमवार को खड़गवां के लिए ऐतिहासिक बन गया, जब क्षेत्र में 3 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का भूमिपूजन प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री एवं मनेन्द्रगढ़ विधायक श्याम बिहारी जायसवाल के करकमलों से विधिवत मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ।

- **सर्वाधिक केस हैंडल करता है खड़गवां अस्पताल- श्याम बिहारी**

इस भव्य कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष धरमपाल सिंह श्याम, जनपद अध्यक्ष श्रीमती श्याम बाई, उपाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह करियाम, खड़गवां सरपंच सुखीत अगरिया सहित जनपद सदस्यगण, सरपंच, भाजपा महामंत्री रमेश जायसवाल, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामप्रताप, पूर्व जनपद अध्यक्ष श्रीमती सोनवती उरे, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धनंजय पांडेय, जिला उपाध्यक्ष जर्नादन साहू, जिला कोषाध्यक्ष मुकेश जायसवाल, जिला मंत्री अरूणोदय पांडेय, शिवचंद सिंह, अनिल सिंह, कैलाश देवांगन, रूद्र पांडेय, राजकुमार जायसवाल, आशीष गुप्ता सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंत्री श्री जायसवाल ने खड़गवां को स्वास्थ्य के क्षेत्र में और बेहतर सुविधा देने का संकल्प दोहराया।



भूमिपूजन कार्यक्रम में उपस्थित स्वास्थ्य मंत्री।

#### मितानिनों को डिजिटल प्लेटफॉर्म की सौगात

स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि मितानिन बहनों के लिए अब कार्यों की पोर्टल पर अनिवार्य इंट्री व्यवस्था लागू होगी, जिससे भुगतान में पारदर्शिता बनी रहेगी और समय पर रूपए उनके खातों में पहुंचेगा। उन्होंने मितानिन बहनों को बेहतर सेवा के लिए बधाई भी दी। कार्यक्रम के दौरान सरपंच सुखीत लाल अगरिया और सीएमएचओ अविनाश खरे ने डॉक्टरों के लिए एच एफ और जी टाइप क्वार्टर की मांग रखी, जिसे मंत्री ने स्वीकृति दे दी। मंत्री श्री जायसवाल ने इस अवसर पर कहा कि किसी भी क्षेत्र का प्राथमिक ऑकलन उसकी शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था से किया जाता है।

उन्होंने कहा कि साय सरकार जनसेवा के प्रति पूर्णतः समर्पित है और खड़गवां को स्वास्थ्य सुविधाओं का हब बनाने की दिशा में हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। खड़गवां का अस्पताल प्रदेश में सर्वाधिक केस हैंडल करने वाला स्वास्थ्य संस्थान रहा है।

बावजूद इसके कांग्रेस सरकार ने इसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा नहीं दिया। अब नवीन भवन निर्माण के साथ खड़गवां में ओटी, स्त्री रोग विशेषज्ञ, डायलिसिस, ईसीजी सहित पांच प्रमुख चिकित्सा सुविधाएं शुरू की जाएंगी। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से जिला एमसीबी सीएमओ अविनाश खरे, बीएमओ एस. कुजूर, बीपीएम राजकुमार राजवाड़े, बलभद्र सिंह, शंकर सिंह सहित अन्य स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे। वहीं शिक्षा विभाग से खंड शिक्षाधिकारी बलविंदर सिंह एवं एबीईओ विजय पांडेय उपस्थित रहे। मंच संचालन जितेन्द्र सिंह के द्वारा किया गया।

# संक्रमित जोन के बाहर पोल्ट्री व्यवसाय करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग पोल्ट्री फार्मर एसोसिएशन कोरिया के पदाधिकारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर बर्ड फ्लू में छोटे किसानों को राहत व संक्रमित जोन के बाहर छूट देने के समर्थन में कई मांगे रखी।

- **कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन**

उक्त एसोसिएशन के पदाधिकारियों के द्वारा हस्ताक्षरयुक्त सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि कोरिया जिले के बैकुण्ठपुर स्थित शासकीय हेचरी में बर्ड फ्लू की पुष्टि बीते दिनों हुई, इसके बाद प्रशासन की कार्रवाई की सराहना करते हुए एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कलेक्टर से मांग किया है कि बैकुण्ठपुर शासकीय पोल्ट्री फार्म के संक्रमित क्षेत्र के दायरे में कार्रवाई की जाए। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि छोटे-बडे पोल्ट्री फार्म में मुर्गे-मुर्गियां तैयार की स्थिति में जिन्हें पांच सप्ताह से अधिक रखना संभव नहीं है,ऐसी स्थिति में संक्रमित जोन के बाहर बेचने की अनुमति प्रदान करें। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि पोल्ट्री फार्म के फीड में भी रोक लगा दिया गया है, स्थानीय फार्मो में हजारों मुर्गे-मुर्गियां पल रहे हैं। यदि फार्मो तक फीड नहीं पहुंचता है तो हजारों की संख्या में मुर्गे-मुर्गियां भूखे मर जाएंगे, इसे देखते हुए फीड गाड़ियों को अनुमति दी जाए।

छोटे-छोटे चिकन दुकानों व फार्मो के खोलने की अनुमति की मांग की गई है ताकि अपनी आजीविका शुरू कर सके। पोल्ट्री फार्म एसोसिएशन ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि वे सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन करेंगे तथा बर्ड फ्लू को रोकने में पूरा सहयोग करेंगे।

# हनुमान जन्मोत्सव की तैयारियां शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

श्री हनुमान जन्मोत्सव एक विशेष और पावन पर्व है, जो प्रत्येक वर्ष भगवान हनुमान के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर भक्तगण भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना, भक्ति गीतों और धार्मिक आयोजनों में भाग लेकर अपने जीवन को पुण्य से ओत-प्रोत करते हैं।

इस बार श्री हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन 12 अप्रैल को श्री-श्री विजय हनुमान टेकरी (फलाहारी बाबा मंदिर), श्री संकट मोचन धाम सिरौली, श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर स्टेशन रोड, हनुमान मंदिर वार्ड नंबर 12, श्री हनुमान मंदिर नेशनल हाइवे, श्री हनुमान मंदिर खेड़यिा टाकीज तिराहा समेत सभी मंदिरों में किया जाएगा। श्री हनुमान टेकरी में आयोजन का मुख्य आकर्षण भंडारे का होगा, जो शाम 7 बजे से प्रारंभ होगा। इस भंडारे में हर वर्ग के भक्तगण भाग लेकर प्रसाद ग्रहण करेंगे और इस अवसर पर धार्मिक चर्चा एवं भक्ति संगीत का भी आनंद लेंगे। आयोजन का उद्देश्य भगवान हनुमान के जन्म की खुशियों को समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाना और उनके आशीर्वाद से सभी को संजीवनी देना है। यह आयोजन न केवल एक धार्मिक उत्सव है, बल्कि समाज में भाईचारे और एकता का संदेश भी देता है। इस संबंध में पंडित चंदन महाराज ने बताया कि श्री हनुमान के जीवन में उनकी असीम भक्ति, शक्ति और साहस की अनगिनत गाथाएं हैं।

उन्होंने भगवान श्रीराम के साथ युद्ध में भाग लिया, समुद्र पार किया, लंका में राक्षसों से लड़ा और श्रीराम के साथ मिलकर धर्म की स्थापना में योगदान दिया। भगवान हनुमान के इस अद्वितीय बल और भक्ति से प्रेरित होकर हम सभी को अपने जीवन में उनके आदर्शों का पालन करना चाहिए। हनुमान जी की उपासना से न केवल हमारी भक्ति में वृद्धि होती है, बल्कि हमें जीवन में साहस, धैर्य और आंतरिक शक्ति भी प्राप्त होती है। हनुमान जी का आशीर्वाद हर संकट से पार पाने के लिए हमारे साथ होता है। इस अवसर पर आपके साथ मिलकर हम भगवान हनुमान की उपासना और भंडारे का आयोजन करना चाहते हैं।



# डीजे कोर्ट में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**बैकुंठपुर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सोमवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बैकुंठपुर मो. रिजवान खान के निर्देश एवं मार्गदर्शन में जिला एवं सत्र न्यायालय में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

न्यायालय में आने वाले पक्षकार न्यायालयीन कर्मचारी, अधिवक्ता एवं न्यायाधीशगणों एवं पैरालीगल वॉलिटियर्स का स्वास्थ्य जांच एवं इलाज किया गया, इसके अतिरिक्त मनेन्द्रगढ़ एवं जनकपुर व्यवहार न्यायालयों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। आयोजन के दौरान अधिवक्ता संघ कर्मचारियों एवं आगंतुक पक्षकारों में काफी उत्साह देखा गया और सभी ने अपना परीक्षण व इलाज कराया और स्वास्थ्य शिविर का लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष मो. रिजवान खान, विशेष न्यायाधधीश आशीष पाठक, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समीर कुजूर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट साक्षी दीक्षित, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमृता दिनेश मिश्रा, अन्य न्यायाधीश, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बीपी मोहंती, सचिव मृत्युंजय तिवारी, अधिवक्ता संघ के अन्य पदाधिकारी एलएडीसीएस के चीफ अजय कुमार सिंह, विशेष लोक अभियोजक महेश शर्मा एवं आरपी कुशवाहा लोक अभियोजन उपस्थित रहे।

# पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए और पेयजल समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड़ बैकुंठपुर ने जिला स्तर पर पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन किया है।

यह प्रकोष्ठ 30 जून तक प्रभावी रहेगा और इसका उद्देश्य ग्रीष्मकाल में पेयजल आपूर्ति को सुचारू रूप से बनाए रखना है। प्रकोष्ठ सुबह 8 से रात्रि 8 बजे तक कार्य करेगा और इसमें प्राप्त शिकायतों का रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा। इस रजिस्टर में प्रतिदिन की शिकायतों का विवरण रखा जाएगा, साथ ही संबंधित सहायक अभियंताओं और उप अभियंताओं को शिकायत के समाधान के लिए निर्देशित किया जाएगा। रजिस्टर में शिकायत की तिथिवार स्थिति भी दर्ज की जाएगी, ताकि हर शिकायत का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। इस प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारियों के रूप में सहायक अभियंता बैकुंठपुर प्रखर बेले, उप अभियंता सोनहत भूपेन्द्र सिंह कोर्चे और उप अभियंता विकासखंड़ कुमारी ज्योत्सना लकड़ा को तैनात किया गया है। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक मुख्यालय पर संबंधित हैंडपंप तकनीशियनों की ड्यूटी लगाई गई है, जो सुनिश्चित करेंगे कि गांवों में पेयजल की समस्या का समाधान किया जाए। मुख्यालय पटना, कुड़ेली, बैकुंठपुर, कटगोड़ी, सोनहत और रामगढ़ के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों के लिए तकनीशियन नियुक्त किए गए हैं। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के मोबाइल नंबर भी जारी किए गए हैं, जिससे नागरिक सीधे संपर्क कर अपनी शिकायतें दर्ज करवा सकते हैं, इसके अलावा खंड कार्यालय बैकुंठपुर और विकासखंड़ मुख्यालयों में भी शिकायत पंजी संधारित किया जाएगा, जहां लोग अपनी शिकायतें या सुझाव दर्ज करवा सकेंगे।

# हिन्द इंग्लिश मीडियम स्कूल में रिजल्ट वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

हिन्द विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल चरचा में 7 अप्रैल को कक्षा पहली से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए रिजल्ट वितरण समारोह आयोजित किया गया।




इस अवसर पर नगर पालिका शिवपुर चरचा के अध्यक्ष अरूण जायसवाल, उपाध्यक्ष राजेश सिंह, नीरज गुप्ता, अंकित अग्रवाल एवं स्कूल डायरेक्टर निसार खान विशेष रूप से उपस्थित रहे। बच्चों के अभिभावक भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। समारोह के दौरान स्कूल प्रबंधन ने नए शैक्षणिक सत्र के एडमिशन प्रारंभ होने की जानकारी दी। वहीं कक्षा 1 से 12 वीं तक के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनकी मेहनत का सम्मान देना और आगे की पढ़ाई के लिए उन्हें प्रेरित करना था।

इस मौके पर स्कूल के प्रचारक शशिभूषण राय, शिक्षिका श्रीमती निशा राय, श्रीमती शिल्पा शंकर, श्रीमती किरण वर्मा, राजाराम देवांगन, कुमारी मेघा तिवारी, खुशबू यादव, मिस कौसर, विश्वनाथ ठाकुर, अनिल कुमार भगत, शफीक अहमद, निशाहंत आरा, दयानंद ठाकुर, जयदेव पांडे, हीरा विश्वकर्मा, रूपा विश्वकर्मा, संजय कुमार, मनोज कुमार पांडे, सुप्रिया ठाकुर, परवीन सबा, कविता पांडे, रश्मिता, शबरीन बानो, पुष्पा मंडल, जीनत आरा और पूजा नाहक सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

समारोह न केवल विद्यार्थियों को सम्मानित करने का अवसर बना, बल्कि शिक्षकों और छात्रों के आपसी संबंधों को सुदृढ़ करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की बैठक

# विधायक बोले-मूलभूत सुविधा वाले कार्य पहले करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के बैकुंठपुर विधानसभा के विधायक भईयालाल राजवाड़े की उपस्थिति में जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की बैठक आयोजित की गई।

- **बैठक में 1169 कार्यो को किया गया निरस्त**

बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने की। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में सीईओ जिला पंचायत, सदस्य सचिव एवं जिला खनिज संस्थान न्यास के डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्यय, वार्षिक प्रतिवेदन और स्वीकृत कार्यों का अनुमोदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि 2016-17 से 2024-25 तक कुल 37895.68 लाख रूपए की राशि प्राप्त हुई है और अब तक 37941.53 लाख रूपए खर्च किए गए हैं। इस दौरान 1169 कार्यों को निरस्त किया गया है, जिनकी राशि 1898.30 लाख रूपए प्राप्त हुई है। विधायक श्री राजवाड़े ने विभिन्न विषयों पर अधिकारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना, पेयजल, बिजली, आंगनबाड़ी केन्द्रों आदि के संबंध में भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए, इसके अलावा बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई, इनमें भौतिक अधोसंरचना, विद्युतीकरण, आंगनबाड़ी केन्द्रों, सड़कों का निर्माण, पेयजल आपूर्ति, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के उपाए शामिल रहे।




बैठक में उपस्थित विधायक व अन्य।

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने बताया कि भारत सरकार के विजन 2047 के तहत कोरिया जिले को जलवायु अनुकूलन गांव के रूप में विकसित करने के लिए जल प्रबंधन, हरित कृषि, सौर ऊर्जा, वन संरक्षण और पौधरोपण जैसे कार्यों, कोरिया जिले के पर्यटक स्थलों के विकास के लिए कार्य योजना, पोषण-संवेदनशील हस्तक्षेप और स्वास्थ्य सेवाओं में वृद्धि के उपायों पर जोर दिया गया। पर्यटक स्थलों के रूप में हसदेव नदी, गोपद नदी, तंजारा जलप्रपात और गुरूघासी दास टाइगर रिजर्व जैसे प्रमुख स्थानों के विकास की आवश्यकता पर बल दिया है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिजुरी

भारतीय जनता पार्टी का 46 वां स्थापना दिवस बिजुरी मंडल के सभी बूथों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी का स्थापना होने बाद से जहां प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा 6 अप्रैल को देशभर में पार्टी संगठन का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाता है। वहीं इस वर्ष 6 अप्रैल को ही चैत्र नवरात्रि का समापन दिवस अर्थात रामनवमी पड़ने से भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशियां दो गुनी बढ़ गई। सुबह से ही भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्थानीय देवी मंदिरों में जाकर भगवान की पूजा अर्चना किया गया और एक-दूसरे से मिलकर सभी को रामनवमी का बधाई भी दिया गया। तत्पश्चात सभी भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अपने-अपने बूथों में सामूहिक रूप से भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रत्येक बूथों में जहां भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करते हुए पुष्पार्पित किया गया। वहीं संगठन का प्रतीकात्मक ध्वज फहराकर 46 वां भाजपा स्थापना दिवस मनाया गया।

## खबर संक्षेप

### सुशासन तिहार का आगाज पंचायतों में आज से

**बिश्रामपुर।** शासन-प्रशासन के प्रत्येक स्तर पर शासकीय काम-काज में पारदर्शिता लाने, शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने, इसका लाभ समाज के उन वर्गों को तत्परता से करने को लेकर शासन-प्रशासन स्तर पर प्रभावी पहल की जा रही है। इसी कड़ी में विष्णु सरकार ने अब सुशासन तिहार-2025 संचालित करने का निर्णय लिया है। इसका उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करना है। सुशासन तिहार 2025 का आयोजन तीन चरणों में होगा। पहले चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरे एवं अंतिम चरण में 5 मई से 31 मई के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस तिहार को सुव्यवस्थित और प्रभावी बनाने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए जा रहे हैं एवं एक पोर्टल बनाया जा रहा है। प्रत्येक जिले की परंपराओं, आवश्यकताओं और परिस्थितियों के अनुसार नवाचार भी किए जा सकते हैं, जिससे यह तिहार अधिक जनोपयोगी और प्रभावशाली बने। इन सबके बावजूद अब यह एक बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है कि सुशासन तिहार के पहले चरण में जो आवेदन जमा करने का कार्यक्रम होगा वह कैसे हो सकेगा। अभी तो पंचायत सचिवों की हड़ताल चल रही है। ऐसी स्थिति में शासन के इस मनसूबे पर पानी फिरता दिखाई दे रहा है।सुशासन तिहार 2025 में आवेदन प्राप्त करना व आम जनता से उनकी समस्याओं के संबंध में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक ग्राम पंचायत मुख्यालयों और नगरीय निकाय कार्यालयों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। इन स्थलों पर समाधान पेटी रखी जाएगी ताकि लोग अपनी समस्याएं और शिकायतें निःसंकोच लिखकर उसमें डाल सकें।

### नवनियुक्त वन विकास निगम अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**सलका- अघिना।** पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा वन विकास निगम अध्यक्ष नियुक्त होने पश्चात उनके निज निवास पहुचने पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। श्री पैकरा के निज निवास चेन्द्रा पहुँचने पर ग्राम राई भाजयुमो मंडल उपाध्यक्ष, एसएमडीसी अध्यक्ष अनूप जायसवाल सहित कार्यकर्ताओं ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। नागरिकों और समर्थकों ने उनकी नियुक्ति को क्षेत्र के विकास और समाज के उत्थान के लिए बड़ा कदम बताया। श्री पैकरा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है जहां सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाता है। मुझ पर संगठन एवं मुख्यमंत्री ने जिस प्रकार विश्वास जताया है उसी के अनुकूल काम करेंगे।

### युवक ने कुएं में कूदकर की खुदखुशी, मर्ग कायम

**बिश्रामपुर।** ग्राम कोरेया में सोमवार की शाम एक युवक ने अज्ञात कारणों से कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली है। जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोरेया में सोमवार की शाम करीब पांच बजे गांव का ही नरेंद्र राजवाड़े पिता पारस राजवाड़े ने अज्ञात कारणों से मुकुंद बिंझिया के कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही जयनगर थाना प्रभारी टीआई नरेंद्र कुमार सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंच शव को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकलवाया है।

### डेढ़ करोड़ की लागत से ग्राम पंचायत सेमरा में हो रहा निर्माण

# ग्रामीणों ने लगाया घटिया नहर निर्माण का आरोप, आंदोलन करने दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो इसके लिए ग्राम पंचायत सेमरा में लंबी नहर का निर्माण कराया जा रहा है। नहर बन जाने से ग्रामीणों को न सिर्फ खेती किसानी के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो जाएगी बल्कि नहर किनारे स्थित खेत के किसान दोहरी फसल ले सकते है और उनकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार हो सकेगा। लेकिन जिस तरह से नहर निर्माण हो रहा है उससे अब किसानों की आस निराश में बदलने लगी है। ग्रामीणों ने नहर निर्माण में भारी अनियमितता बरतने और घटिया निर्माण कराने का आरोप लगाया है। ऐसा नहीं है कि गुणवत्ताहीन निर्माण की शिकायत संबंधित विभाग के अधिकारियों से नहीं की है बावजूद इसके अधिकारियों के उदासीन रवैया के कारण ठेकेदार द्वारा मनमानी तरीके से निर्माण कराया जा रहा है जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है।

**खास बात**

- ग्रामीणों ने निर्माण कार्य का निरीक्षण कर की कार्रवाई करने की मांग

ग्राम पंचायत सेमरा के ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से की जा रही मांग पर कुछ माह पूर्व ही ग्राम पंचायत में डेढ़ करोड़ की लागत से नहर निर्माण की स्वीकृति मिली। नहर निर्माण कार्य हुए अभी दिन ही हुए है। इधर गांव में नहर निर्माण होने से ग्रामीणों में बेहतर सिंचाई सुविधा के साथ निस्तारण के पानी उपलब्ध हो जाने की आस जगी लेकिन घटिया नहर निर्माण के कारण ग्रामीणों की आस निराशा में बदल गई। ठेकेदार द्वारा मनमानी तरीके से गुणवत्ता को दरकिनार कर निर्माण कराया जा रहा है। सीमेंट, गिट्टी नाम मात्र के जबकि बालू तय मात्रा से ज्यादा उपयोग किया जा रहा है। कुछ दिन पूर्व ही ग्रामीणों ने घटिया नहर निर्माण किए जाने की शिकायत की परंतु शिकायत के बाद भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई और न ही निर्माण कार्य का किसी अधिकारी ने जायजा लेना उचित समझा। ऐसे में अब ठेकेदार के हौसले और भी बुलंद हो गए। गांव के सरपंच विलियम मिंज ने नहर निर्माण कार्य को देख नाराजगी व्यक्त किया। साथ ही गुणवत्ता की जांच कर नहर निर्माण कराने की बात कही। साथ ही हो रहे रहे नहर निर्माण की गुणवत्ता की जांच की तो पता चला कि नहर ढलाई करने के बाद भी कई जगह निर्माण गुणवत्ताहीन पाया गया। सरपंच सहित क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है निर्माण में सिर्फ खानापूर्ति किया जा रहा है। कुछ साल में ही नहर भरभरा कर उखड़ने लगेगी। नहर का बेस ऐसा बना रहे है जो मानक अनुरूप नहीं है। ठेकेदार द्वारा बिना वाटर लेवल कराए ही बेस ढलाई कर निर्माण करा रहे है। ऐसे में नहर कितना टिकाऊ होगा यह आसानी से समझा जा सकता है।



निर्माणधीन नहर।

#### आंदोलन करने की चेतावनी

सेमरा खुर्द सरपंच विलियम मिंज व जनपद सदस्य पुत्र भूपेन्द्र कुशवाहा सहित ग्रामीण नहर निर्माण पर नजर बनाए हुए है और हर रोज कार्य को देखने जाते है। उन्होंने बताया कि जिस तरह से कार्य चल रहे है उससे असंतुष्ट है। क्षेत्र के ग्रामीण पहले ही घटिया नहर निर्माण की शिकायत संबंधित अधिकारियों से किए है बावजूद इसके किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो सकी और देख-देख के अभाव में घटिया मटेरियल का उपचार किया जा रहा है। जनप्रतिधि सहित ग्रामीणों ने गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं कराने तथा मामले की जांच नहीं करने पर घटिया नहर निर्माण को लेकर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

#### छड़ का नहीं कर रहे उपयोग

जनप्रतिनिधि समेत ग्रामीणों ने नहर निर्माण मानक अनुरूप नहीं किए जाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि नहर निर्माण ग्रामीण क्षेत्र में ऐसा किया जा रहा है जहां छड़ का नामो निशान नहीं है सिर्फ गिट्टी सीमेंट व अत्यधिक बालू से ढलाई किया जा रहा है। नहर में ढलाई के दौरान छड़ नहीं होने से पकड़ कमजोर और कुछ दिनों बाद ही टूटने व दरार पड़ने से जर्जर हो सकती है।

#### कराई जाएगी जांच

नहर निर्माण गुणवत्ता विहीन कार्य हो रहा है और निर्माण में लापरवाही बरती जा रही है तो मामले की जांच कराई जाएगी। सिंचाई विभाग को गुणवत्ता के जांच सहित ठेकेदार के विरूद्ध कार्रवाई करने निर्देशित करता हूं। गुणवत्ताहीन निर्माण पर भुगतान रोकी जाएगी।

-एस जयवर्धन
कलेक्टर सूरजपुर



## राम-जानकी का दर्शन करने रामगढ़ में उमड़ा जनसैलाब, चरमराई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

रामनवमी के अवसर पर रामगढ़ में आस्था का विशाल जनसैलाब उमड़ पड़ा। लाखों की संख्या में श्रद्धालु प्राचीन राम-जानकी मंदिर में दर्शन करने पहुंचे, जिसके कारण प्रशासन और समिति की व्यवस्थाएं नाकाफी साबित हुई। भोर में 2 बजे ही श्रद्धालुओं का तांता शुरू हो गया था, जो सूर्योदय होने के साथ बढ़ता गया। सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक नीचे की सीढ़ियों से लेकर मंदिर तक जाम की स्थिति बनी रही। लोगों के प्रयासों से श्रद्धालुओं का आवागमन किसी तरह जारी रहा। रामगढ़ की कंदराओं को वनवास के दौरान भगवान राम का तत्कालीन आवास माना जाता है। रामगढ़ में हर साल रामनवमी के अवसर पर विशाल मेला लगता है। रामनवमी पर छिटपुट घटनाएं भी हुई जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह 9:30 बजे चंदन मिट्टी के पास मधुमक्खियों ने 35 वर्षीय महेश्वर पर हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गए। सुबह 11 बजे कुम्दा निवासी कमल प्रसाद सिंह द्वार के पास थकान के कारण बैठ गए। खड़े होने पर अचानक उनका संतुलन बिगड़ा और वे खाई में गिर गए। सिर, पैर और कमर में गंभीर चोट लगने के साथ उनकी नाक से देर तक रक्तस्राव होता रहा। कुछ उत्साही युवाओं ने मानव श्रृंखला बनाकर उन्हें खाई से निकाला। उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। जगह-जगह भंडारे और जलपान की भी व्यवस्था की गई थी। अग्रवाल समाज सहित कई अन्य लोगों ने गुड़- चना और पानी का इंतजाम किया। इससे श्रद्धालुओं को काफी राहत मिली।

### करंट की चपेट में आकर दम्पति की मौत, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** दो माह पूर्व पानी पटाने के लिए अवैध रूप से हुकिंग कर तार जोड़ते समय करेंट लगने से दम्पति की मौत के मामले में पुलिस ने मर्ग जांच उपरान्त मृतक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। बलरामपुर जिले के रघुनाथनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 12 फरवरी की दोपहर डेढ़ बजे जनकपुर हसुवापारा निवासी 30 वर्षीय नबालिक सिंह आ. शिव प्रसाद गोंड पत्नी 25 वर्षीया देवकल सिंह अपने गेंहू के खेत में पानी पटाने के लिए अपने चाचा राम प्रसाद के सर्विस कनेक्शन से अवैध तार जोडकर डबरी लेने के लिए मोटर पम्प चालु कर रहा था। इस दौरान करेंट की चपेट में आकर दम्पति की मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान मृतक ने नंगा तार का हुक बनाकर बिजली चोरी का प्रयास किया। मर्ग जांच के उपरान्त पुलिस ने मृतक नबालिक सिंह के खिलाफ बीएनएस की धारा 106(1) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## रामनवमी पर साहित्य समिति ने की काव्यगोष्ठी

**अम्बिकापुर।** रामनवमी पर तुलसी साहित्य समिति ने वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रह्माशंकर सिंह की अध्यक्षता एवं गीता मर्मज्ञ पं.रामनारायण शर्मा, शायर-ए-शहर यादव विकास, वरिष्ठ व्याख्याता सच्चिदानंद पाण्डेय और सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद मिश्र के आतिथ्य में काव्य गोष्ठी की।

गीतकार कृष्णकांत पाठक ने सरस्वती वंदना की। ब्रह्माशंकर सिंह ने कहा कि भगवान राम भारतीय संस्कृति की आत्मा है। वे जनमानस में पूर्णतः रचे-बसे है। वे धर्म के साक्षात स्वरूप है। माता कैकेयी की आज्ञा मानकर उन्होंने चौदह वर्ष का वनवास व्यतीत किया परंतु माता के प्रति कभी कोई दुर्भाव नहीं रखा। उल्टे वनवास से लौटने पर सर्वप्रथम वे माता कैकेयी से मिले ओर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कश्मीर के राजा कर्ण सिंह कुश के वंजश माने जाते है परंतु छत्तीसगढ़ के क्षत्रिय लव के वंशज है।

हमें राम के चरित्र का अनुगमन करना चाहिए तभी समाज में सर्वत्र सुख, शांति और समृद्धि की स्थापना होगी। पं.रामनारायण शर्मा ने कहा कि रामनवमी मनाने का उद्देश्य तभी सफल होगा जब हम अपने जीवन में सत्याचरण, धर्माचरण, निष्पक्ष न्याय का आदर, ईमानदारी, परहित चिंतन, परोपकार सभी से प्रेम का भाव, स्वधर्म पालन, माता-पिता, गुरूजनों की सेवा, ईश्वर द्वारा बनाई सृष्टि का संरक्षण, भूमि, जल, वायु के प्रदूषण को दूर करना, वन और वन्य प्राणियों की सुरक्षा, पशु संस्करण, आहार-व्यवहार की शुद्धता, अपने समान दूसरों के सुख-दुख को समझना, शिक्षाप्रद उपदेशों का पालन तथा आत्मा-परमात्मा के विचारों को आत्मसात करेंगे। आचार्य दिग्विजय सिंह तोमर, पं.अरविंद मिश्र, वरिष्ठ साहित्यकार एसपी जायसवाल, एवं अर्चना पाठक ने भी अपना विचार व्यक्त किया। गोष्ठी में माधुरी जायसवाल ने दुर्गा मां ने पार लगाया, सीता तिवारी ने छवि तेरी दिल में बसाई माता, अर्चना पाठक ने तप, संयम, वैराग्य ही ब्रहाचारिणी मूल, अंजू प्रजापति ने कलयुग की इस दुनिया में, स्वाति टोप्पो ने नववर्ष आया लेकर प्रकाश, देवेन्द्रनाथ दुबे ने यह राम-कृष्ण की जननी है, श्यामबिहारी पाण्डेय ने दाना चुगकर घर-आंगन को करती थी गुलजार चिरइया, चरणों में दिल को लगाया नही तो बता दे किया तूने क्या उम्र भर, दोहाकार व शायर मुकुंदलाल साहू ने सबके मन में राम है, रोम-रोम में राम, शायर ए शहर यादव विकास ने दिल ने तुम्हे पसंद किया, क्या गलत किया रचना सुनाई। रामलाल विश्वकर्मा ने ये हिन्दू-मुसलमान हिकारत वो अदावत, आचार्य दिग्विजय सिंह तोमर, अजय सागर ने अपनी रचना सुनाई। इस दौरान लीला यादव, अनिल त्रिपाठी, प्रमोद और केशरवानी, मनीलाल उपस्थित थे।



## नक्सली हिंसा में मारे गए निर्दोष नागरिकों और उनके परिजन का हुआ अपमान : अनुपम

**बिश्रामपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता अनुपम फिलिप ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के उस भाषण की कड़ी निंदा की है, जिसमें उन्होंने छत्तीसगढ़ पहुंचकर नक्सलियों को भाई और अपना कहकर संबोधित किया है। कांग्रेस प्रवक्ता अनुपम फिलिप ने कहा कि हमारे देश के जवानों को वीभत्स वीरगति देने वाले किसी के अपने और भाई नहीं हो सकते। नक्सली देश की संवैधानिक व्यवस्था को नहीं मानते। केंद्रीय गृहमंत्री का यह बयान नक्सली हिंसा में शहीद हुए जवानों और उनके परिजन का घोर अपमान है। ऐसे गैर जिम्मेदाराना बयान से हमारे जवानों का मनोबल टूटता है जो विषम परिस्थितियों में क्रूर नक्सलियों का वीरता से सामना करते हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नक्सली हिंसा में मारे गए निर्दोष नागरिकों और उनके परिजन का भी अपमान किया है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अनुपम फिलिप ने कहा कि यदि नक्सली अमित शाह के भाई और अपने हैं फिर तो देश के वीर जवान उनके लिए शत्रु और पराए होंगे। केंद्रीय गृहमंत्री ने नक्सलवाद से हो रहे सामाजिक पीड़ा पर कोई टिप्पणी नहीं की, ना ही उन्होंने नक्सली गतिविधियों से हो रहे राष्ट्रीय सम्पत्ति के भीषण नुकसान की कोई बात कही। बस हिंसक नक्सलियों को अपना भाई बता दिया। यह घोर निंदनीय और आपत्तिजनक बयान है। भाजपा नेताओं के ऐसे बयानों से हिंसा और अशांति के पक्षधरों को बल मिलता है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को इस बयान के लिए शहीद परिवार और छग की जनता से माफी मांगनी चाहिए।



### डकवा में मनाया गया रोजगार दिवस

**राजपुर।** जनपद पंचायत अंतर्गत महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के माध्यम से गांव-गांव में रोजगार दिवस मनाया गया। इस दौरान जॉब कार्डधारी परिवारों, ग्रामीणों की जॉब कार्ड, मजदूरी आदि की जानकारी दी गई। इसके अलावा मनरेगा के दिशा-निर्देशों के साथ सामुदायिक एवं हितग्राही मूलक कार्यों से अवगत कराया गया। कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा के निर्देशन एवं जिपं सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन में राजपुर सीईओ अनिल कुमार तिवारी ने सोमवार को प्रत्येक माह की 7 तारीख को रोजगार दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत जनपद पंचायत राजपुर की ग्राम पंचायत डकवा में मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी द्वारा आयोजित रोजगार दिवस के दौरान उपस्थित जॉबकार्ड परिवारों को मनरेगा के दिशा-निर्देशों के साथ ही महिलाओं को मातृत्व भत्ता, श्रम कार्ड, मजदूरी दर, गोदी की जानकारी, आधार मैपिंग के संबंध में बताया गया। समस्त 70 ग्राम पंचायतों में भी रोजगार दिवस का आयोजन किया गया।

TOP IN SURGUJA

डॉ. तुषार जैन
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोराना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात् होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान

डॉ. कल्पना दाश
M.B.B.S, M.D., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हॉस्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थॉयराईड हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जांच एवं उपचार हेतु

दिनांक - 13 अप्रैल 2025 दिन - रविवार, सुबह 11 बजे से 3

डॉ. दीपक अग्रवाल
एम.बी.बी.एस., डी, आर्थो (एफ.पी.ओ.)
हड्डी रोग विशेषज्ञ
सभी प्रकार के कमर दर्द, घुटने का दर्द, वात रोग एवं सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग संबंधित विकृति का सम्पूर्ण ईलाज।
दिनांक - 11 अप्रैल 2025
दिन - शुक्रवार, सुबह 11 से 3

निशांत मेडिकोज देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं. 73542 60555

डॉ हर्षप्रीत सिंह टुटेजा
जनरल मेडिसिन एवं एंडोक्रिनोलॉजिस्ट
(मधुमेह, थायराइड एवं हार्मोन स्पेशलिस्ट)
SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर स्कूल के सामने, अम्बिकापुर
+919617605000, +917049985558
24x7 इमरजेंसी सेवा भर्ती, एवं आई.सी.यु. ऑपरेशन
शुगर, थायरॉइड, ब्लडप्रेशर, मोटापा, स्ट्रोक (लकवा), एनेमिया (खून की कमी), अस्थमा, COPD (साँस लेने में तकलीफ), टाइफाइड, निमोनिया (फेफड़ों में इन्फेक्शन), मलेरिया
अर्थराइटिस (जोड़ों में दर्द), कमर दर्द, UIT (पेशाब में जलन), पैरों में जलन या सूजन, अनियमित महावरी, बालों का झड़ना, शरीर में ज्यादा बालों का होना, माइग्रेन (सर में दर्द), गैस्ट्राइटिस (पेट में दर्द या जलन होना)

आपके शहर अम्बिकापुर में सुप्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.प्रज्ञा ओझा
गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALTY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
स्त्री रोग से संबंधित सभी समस्याएं व उपचार
गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
प्रसूति (नार्मल वाम सिजेरियन) बांझपन का जाँच एवं ऑपरेशन
बच्चेदानी निकालने का ऑपरेशन (चीरा रहित एवं दूरबीन पद्धति द्वारा)
मोनोपॉज (रजोनिवृत्ति संबंधित बीमारियों का इलाज)
मासिक संबंधित बीमारियों का इलाज
स्तन की गांठ, कैंसर का ऑपरेशन
बच्चेदानी के कैंसर का ईलाज

सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर मूत्र रोग विशेषज्ञ
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
25 अप्रैल 2025 दिन शुक्रवार
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy urosurgeon)
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना। पेशाब में जलन। प्रोस्टेट बढ़ जाना। पेशाब बार-बार होना। किडनी, पेशाब थैली।
पेशाब बूंद- बूंद पर होना। गुर्दे व पेशाब की नली में पथरी। पेशाब के रास्ते का छोटा होना। पेशाब की धार न बनना, इत्यादि। अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
Dr FIRDOUSI HOSPITAL MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

डॉ. ए.एफ. दानिश
बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जन
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (जनरल सर्जरी)- कोलकाता, एम.सी.एच. (प्लास्टिक सर्जरी), नई दिल्ली
पूर्व असिस्टेंट ऑफिसर, वी.एम.एम.सी व सफदरगंज अस्पताल, नई दिल्ली
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी विशेषज्ञ
शनिवार, 22 मार्च 2025
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
: प्लास्टिक सर्जरी :
सभी प्रकार के दाग का ईलाज (Scar Treatment)
पुरूषों के बढ़े हुए स्तन (Gynaecomastia)
झड़ते हुए बालों के लिए (PRP, Therapy/GFC Therapy)
Liposcution (शरीर के बढ़ी चर्बी को मशीन से निकालना)
जलने के बाद हाथ, पैर, चेहरे की सिकुड़न का ईलाज
लम्बे समय तक ना ठीक होने वाले घाव का ईलाज
Keloid का ईलाज, डायलिसिस के लिए फिस्चुलना
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ.हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.ch (Neuro Surgery)(AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 12 अप्रैल, 2025 को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रातः 10:30 से दोपहर 02:30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक 07774-221101, 9407910331 9488142243, 78699 17120
संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल नया बस स्टैण्ड, गौरवपथ, अम्बिकापुर

डॉ. ए.एफ. दानिश
बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जन
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (जनरल सर्जरी)- कोलकाता, एम.सी.एच. (प्लास्टिक सर्जरी), नई दिल्ली
पूर्व असिस्टेंट ऑफिसर, वी.एम.एम.सी व सफदरगंज अस्पताल, नई दिल्ली
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी विशेषज्ञ
बुधवार, 23 अप्रैल 2025
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
: प्लास्टिक सर्जरी :
सभी प्रकार के दाग का ईलाज (Scar Treatment)
पुरूषों के बढ़े हुए स्तन (Gynaecomastia)
झड़ते हुए बालों के लिए (PRP, Therapy/GFC Therapy)
Liposcution (शरीर के बढ़ी चर्बी को मशीन से निकालना)
जलने के बाद हाथ, पैर, चेहरे की सिकुड़न का ईलाज
लम्बे समय तक ना ठीक होने वाले घाव का ईलाज
Keloid का ईलाज, डायलिसिस के लिए फिस्चुलना
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

अब आपके शहर अम्बिकापुर में
एनएच एमएमआई नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर के प्रसिद्ध हृदय रोग चिकित्सक
डॉ. एस.एस.पाढ़ी
वरिष्ठ सलाहकार -हृदय रोग
दिनांक 12 अप्रैल 2025, दिन - शनिवार
समय: सुबह 10 बजे से 5 बजे तक
रांची (कॉके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति विशेषज्ञ
डॉ.आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
दिनांक 13 अप्रैल 2025, दिन - रविवार
नोटः- डॉ.साहब प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

ऊँ जय माँ कंकाली ऊँ
राजयोग- धनयोग, विवाह, संतान, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद, व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष संबंधी प्रश्नोत्तर, 9 ग्रह 27 नक्षत्र 64 योगनी, वास्तु शास्त्र तथा प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें, तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह या किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।
चुनाव में विजय श्री हेतु संपर्क करें
त्रिकालग्य स्वामी - तांत्रिक सम्राट
डॉ.जे.पी. दुबे (पुष्पेन्द्र)
ज्योतिश तंत्र, पी.एच.डी., (गोल्ड मेडलिस्ट)
रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर समयनुसार मिलें
डॉ.जे.पी. दुबे
मो.9630231500, 9630995600
आने से पूर्व अपाइंटमेंट अवश्य लेंवे
पता - कार्मेल स्कूल गेट नम्बर 4 बसुंधरा सनसिटी गेट के बाजू राजनिवास अपार्टमेंट अम्बिकापुर (छ.ग.)
नोट स्वामी जी प्रत्येक दिन अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे!!

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. मोहित गुप्ता - MD (Medicine), मधुमेह एवं हृदय रोग विशेषज्ञ सामान्य एवं जटील रोग विशेषज्ञ
डॉ. हेमन्त कुमार बी - MBBS, DCH, DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ किम्स हॉस्पिटल, आंध्रप्रदेश
डॉ. पूजा - स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया - MBBS, MS (General Surgeon) जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय - MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. मनोज भारती - MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर, हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल - एम. डी. फिजीशियन
डॉ. ओम प्रकाश पंडित - MBBS, DNB Ortho (Lilavati Hospital Mumbai) हड्डी रोग विशेषज्ञ
मनोचिकित्सक एवं यौन रोग विशेषज्ञ
सौंदर्य बालों एवं चर्म रोग के विशेषज्ञ
डॉ. सुरभि - BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. हिमांशु गुप्ता - MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. विकास गुप्ता - MBBS, D-Ortho अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी के दामले - MS, ENT, नाक कान गला रोगों के वरिष्ठ अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता - MBBS, DCH मुंबई, शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ भूतपूर्व चिकित्सक वाडिया चाईल्ड हॉस्पिटल मुंबई
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह - MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
आडियोलॉजिस्ट & स्पीच थैरेपिस्ट
फिजियोथैरेपी एवं नैचुरोपैथी
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774-222555, 9425583780, 9826183780 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

7 Ambikapur-pg 4-0_Layout 1 4/7/2025 9:55 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### बारह भू विस्थापित ग्रामीणों को मिला नियुक्ति पत्र

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के आमगांव खदान प्रभावित परिवारों को नियुक्ति पत्र देने की प्रक्रिया लगातार जारी है।बताया जाता है कि आमगांव खदान विस्तार के तहत पटना गांव में 464 लोगों की रोजगार देने के लिए शासन और प्रबंधन ने चिन्हित किया है।आज सोमवार को बारह भू विस्थापित परिवार के सदस्यों को कंपनी में नियोजन देने नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया।महाप्रबंधक कार्यालय में जीएम अजय तिवारी ने संबंधित परिवार के सदस्यों को नियुक्ति पत्र सौंप सभी को ईमानदारी और सत्यनिष्ठा से कंपनी द्वारा दिए गए दायित्वों को पूरा करने को कहा।बता दें कि अब तक 464 रोजगार में 114 भू स्वामियों को रोजगार संबंधी नियुक्ति पत्र का वितरण किया जा चुका है।शेष प्रकरणों पर दस्तावेज संकलन ,जांच परीक्षण की कार्यवाही अब भी लम्बित है।आज सोमवार को जिन लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया उनमें धर्मचंद्र मरावी आत्मज शिवरतन सिंह मरावी, मानिक चंद्र सिंह आत्मज शिवरतन सिंह, यशमतीया सिंह आत्मज शिवरतन सिंह पति संतलाल सिंह,चंदा सिंह पुत्री शिवरतन सिंह पति विशंभर सिंह,खेलावन सिंह मरावी आत्मज शिवरतन सिंह मरावी,प्रियांशु सिंह मरावी आत्मज पीतांबर सिंह मरावी,लोकेश सिंह मरावी आत्मज सत्यनारायण सिंह,संतोष कुमार साहू आत्मज शिवराम साहू,छत्रपाल आत्मज शंभु राम,नंदकुमार आत्मज देव प्रसाद,सहदेव आत्मज देव प्रसाद,दिलबंधु आत्मज केशवर राम के नाम शामिल हैं।

### कार्यशाला में दी गई गर्मी से सुरक्षा की जानकारी




**वाड्रफनगर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर शासकीय रानी दुर्गावती महाविद्यालय में कार्यशाला का अयोजन किया गया। कार्यशाला में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी आलोक यादव ने ग्रीष्म काल में स्वास्थ्य संरक्षण के संबंध में सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में लू से बचाव, पर्याप्त मात्रा में पानी पीना, हल्के और ढीले वस्त्र पहनना तथा दोपहर में धूप से बचाव आवश्यक है। ताकि स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। रसायन शास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ.तोयज शुक्ला ने कहा कि दूर-दराज से आने वाले छात्र-छात्राओं को अत्यधिक गर्मी से बचने के उपयों को अपनाना आवश्यक है ताकि वे स्वस्थ रहते हुए नियमित रूप से अध्ययन जारी रख सकें। सहायक प्राध्यापक जगदीश कुमार खुसरो, डॉ.बलराम साहू, ग्रंथपाल पंकज कुमार, क्रीडा अधिकारी अशोक एक्का अतिथि व्याख्याता बेनी प्रसाद डेहरिया, शिवम पटेल, कमलेश कुमार, सुश्री रेणुका दीवान आदि उपस्थित थीं।

## निधन

### श्वेता विश्वास

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के टूए ऑफिसर्स कॉलोनी निवासी अमेरा खुली खदान में डिप्टी मैनेजर माइनिंग के पद पर कार्यरत अनिमेष विश्वास की पत्नी श्वेता विश्वास 43 वर्ष का शनिवार को अपोलो अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से किडनी की बीमारी से जूझ रही थीं। रविवार को स्थानीय मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके इकलौते पुत्र आदित्य विश्वास ने दी।

### आबंटन प्रक्रिया को स्थगित कर फिर से हो रही जांच

# तीन बार जांच के बाद भी तय नहीं हो पाए 493 पीएम आवास के लिए पात्र हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- पक्के मकान के लिए करना होगा लम्बा इंतजार

पीएम आवास के तहत पक्के मकान की आस लगाए लोगों को एक बार फिर से लम्बा इंतजार करना पड़ेगा। भवन का निर्माण पूर्ण होने के बाद लॉटरी पद्धति से आबंटन की प्रक्रिया को एक बार फिर से स्थगित कर दिया गया है। पीएम आवास के लिए पात्र हितग्राहियों की सूची में गडबडी की संभावनाओं के बीच आबंटन को रोक दिया गया है। अब अधिकारी एक बार फिर नए सिरे से पात्र हितग्राहियों की जांच कर रहे है और जांच के बाद ही इसका आबंटन हो पाएगा। इसे लेकर सत्ता पक्ष का का कहना है कि सूची में गडबडी थी और एक ही वार्ड से बड़ी बड़ी संख्या में लोगों के नाम शामिल किए गये थे जबकि विपक्ष का कहना है कि पूर्व में सूची की जांच तीन बार सत्ता पक्ष व विपक्ष के पार्षदों ने की और जो नाम छनकर आए उन्हें सूची में शामिल किया गया। ऐसे में फिर से जांच करने के बजाए लॉटरी पद्धति से आबंटन कर देना चाहिए।

बता दें कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मोर मकान मोर चिन्हारी के तहत एएचपी मकानों का निर्माण शहर के सुभाषनगर में किया जा रहा है। पीएम आवास के एएचपी मकानो की स्वीकृति शासन से वर्ष 2020 में दी गई थी जिसके बाद 493 आवासों के निर्माण कार्य 6 एकड़ भूमि पर शुरू किया गया था लेकिन मकानों का निर्माण अब तक पूर्ण नहीं हो पाया है।अभी भी लगभग 20 प्रतिशत का काम शेष होने की बात कही जा रही है लेकिन नगर निगम सरकार द्वारा आवास निर्माण का कार्य पूर्ण होने की बात कहते हुए 4 अप्रैल को सभी 493 आवासों का आबंटन करने का नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया था लेकिन लॉटरी पद्धति से आबंटन की तिथि जारी होने के बाद सत्ता पक्ष के एमआईसी सदस्यों और पार्षदों ने यह सूची में पात्र हितग्राहियों को लेकर आपत्ति दर्ज का दी।



### 466 लोगों को होना था आबंटन

बताया जा रहा है कि जब वर्ष 2015 में इस योजना के तहत आवास निर्माण हेतु सर्वे कराए गये थे तो लगभग 11 हजार आवेदन आए जिसके बाद आवेदनों की स्कूटनी हुई और इस स्कूटनी में कुल 38 सौ हितग्राही ही शेष बचे थे। बाद में एक बार फिर से सभी शेष बचे आवेदनों की जांच की गई तो 16 सौ पात्र हितग्राही बचे थे। इसी बीच फिर से नए सिरे से आवेदन लिए गये जिसमें 300 आवेदन आए और सभी 300 सौ लोगों को पात्र कर दिया गया था। इस हिसाब से लगभग 19 सौ से कुछ अधिक पात्र हितग्राहियों की अंतिम सूची का प्रकाशन किया गया लेकिन जब आवास आबंटन की बात आई तो पात्र हितग्राहियों में से ऐसे हितग्राहियों को पहले मौका देने का निर्णय लिया गया जो स्लम एरिया में निवास करते है। इस लिए कुल 466 लोगों की सूची तैयार की गई थी लेकिन अब इस सूची में भी आपत्ति दर्ज करा दी गई है।

### पार्षद कर रहे जांच

बताया जा रहा है कि पीएम आवास के हितग्राहियों की जांच के लिए पार्षदों द्वारा की जा रही है। भाजपा को 20 दिन में जांच कर अपनी रिपोर्ट नगर निगम को देने को कहा गया है जिसके बाद निगम एक बार फिर से सभी हितग्राहियों की अपने स्तर पर जांच करेगा और इन सब में डेढ़ से दो महीने का समय लगने वाला है और इस दौरान हितग्राहियों इंतजार करना होगा। वहीं इस मसले पर विपक्ष का कहना है कि पूर्व में तीन बार सूची की जांच कांग्रेस शासन काल में कराई गई और उस कमेटी भाजपा-कांग्रेस के पार्षद मौजूद थे। अंतिम जांच के बाद विपक्ष ने कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई थी इस लिए नए सिरे से पुनः जांच करने के बजाए पात्र हितग्राहियों को आवास का आबंटन कर देना चाहिए।

### पारदर्शी तरीके से हो आबंटन

इससे पहले भी तीन बार सूची की जांच हमने कराई थी और उस समय विपक्ष में मौजूद भाजपा के पार्षद भी कमेटी में शामिल थे। जांच के बाद सूची जारी हुई। अंतिम जांच के बाद कोई आपत्ति नहीं आई थी। जो नाम जांच में छनकर आए वो पात्र थे। सत्ता पक्ष के लोग यदि संदेह व्यक्त कर रहे है। वे बहुमत में है तो सूची की जांच करा लें। भवन का निर्माण अभी भी 20 प्रतिशत बचा हुआ है इस लिए जब तक भवन का काम पूर्ण ना हो जाए तब तक आबंटन पर रोक लगा सकते है लेकिन इसके बाद सरकार को पात्र हितग्राहियों को पारदर्शी तरीके से लॉटरी पद्धति से आबंटन करना चाहिए और सरकार की कोशिश होनी चाहिए कि जो जरुरतमंद है उनको छत मिले।

-शफी अहमद
नेता प्रतिपक्ष नगर निगम

### जांच के बाद होगा आबंटन

हमारे पार्षदों ने शिकायत की थी कि एक वार्ड में ही डेढ़ सौ लोगों के नाम सूची में शामिल है तो कुछ वार्डों में एक भी नाम नहीं है। जांच पड़ताल के बाद पात्र हितग्राहियों की सूची जारी की जाएगी और पात्र हितग्राहियों को पारदर्शी तरीके से आवास का आबंटन कराया जाएगा। आबंटन नियम के तहत ही होगा।

-श्रीमती मंजूषा भगत
महापौर

भाजपा पार्षदों का कहना है कि सूची में एक ही वार्ड में बड़ी संख्या में लोगों के नाम शामिल हो गए है। ऐसे में उन्होंने कलेक्टर से मांग कर आबंटन की तिथि को निरस्त करने की मांग की। मेयर व पार्षदों की मांग पर कलेक्टर ने फिलहाल पीएम आवास के आबंटन की तिथि बढ़ा दी है।

## मां कुदरगढ़ी के दरबार में जगराता, भक्ति गीतों पर झूमते रहे श्रद्धालु

**सूरजपुर।** नवयुवक दुर्गा मंडल द्वारा मां बागेश्वरी के श्री चरणों में अष्टमी को भव्य जगराता का कार्यक्रम आयोजित किया गया । पूरी रात श्रद्धालु माता के भजनों पर झूमते रहे। दूर ,दूर से आए माता के भक्तों ने पूरी रात भजनों का रसपान करते रहे। बाहर से आए भक्तों के द्वारा झांकियों की प्रस्तुति की गई। जिससे श्रोता काफी भाव -विभोर होकर रात भर नाचते गाते रहे। नवयुवक दुर्गा मंडल द्वारा कुदरगढ़ धाम ट्रस्ट के प्रथम अध्यक्ष एवं वन विकास निगम के अध्यक्ष राम सेवक पैकरा, मेला अध्यक्ष भुवन भास्कर प्रताप सिंह , गणेश पूजा समिति के अध्यक्ष एवं नगर पालिका के उपाध्यक्ष शैलेश गोयल, संस्कार अग्रवाल का एवं उपस्थित अन्य अतिथियों का सम्मान किया गया। ट्रस्ट द्वारा आयोजित भंडारे में नवयुवक दुर्गा मंडल की ओर से 11 हजार का श्री दान दिया गया।जगराता कार्यक्रम में मंडल के सभी सदस्य एवं पदाधिकारियों के साथ सफाई कर्मचारी,नागरिक एवं माता के भक्तों का भरपूर सहयोग रहा। इस दौरान मदन लाल गोयल, धर्मवीर अग्रवाल, राजेश अग्रवाल राजू, नरेश बंसल, हुलेश्वर प्रसाद गुप्ता, अजीत गुप्ता, गैबीनाथ साहू, रमेश अग्रवाल, विजय शंकर साहू, कृष्ण चंद्र पुरी, अवधेश पुरी, सूरज अग्रवाल, वीरेंद्र गर्ग, संजय रोहिल्ला, मनोज गुप्ता, अनंतराम साहू, धर्मपाल राजवाड़े, कैलाश चौधरी, चंद्रकांत अग्रवाल, सुमित देवांगन, अशोक कुमार फौजी, सौरभ अग्रवाल सहित अन्य मौजूद रहे।



## संभाग स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में सनराइज टीम बनी विजेता, सांसद ने किया सम्मानित

- प्रतियोगिता में संभाग के 60 टीमों के खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

**कुसमी।** केबीसी संभाग स्तरीय इनडोर बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन गत दिन सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज की मुख्य आतिथ्य एवं सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में संभाग के 60 टीमों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सरगुजा सनराइज विजेता, टीम करूणा उपविजेता, डबल्स ओपन विजेता वेंटक गौरव प्रसाद- पवनीत सिंह गिल, उपविजेता ललित यादव-रॉबर्ट कुजूर, डबल्स ओपन 35 वर्ष में वेंटक गौरव प्रसाद- पवनीत सिंह गिल, उपविजेता ललित यादव-रॉबर्ट कुजूर, डबल्स 45 वर्ष विजेता आनंद गर्ग- अभिषेक गुप्ता, उपविजेता आनंद धर दीवान-राजेश गुप्ता रहे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद चिंतामणि महाराज एवं सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने कहा कि कुसमी में संभाग स्तरीय इनडोर बैडमिंटन प्रतियोगिता खेल में सभी खिलाड़ियों खेल भावना से खेला। छोटे से कुसमी नगर पंचायत में इस इंडोर कक्ष में संभागीय स्तर का खेल कराना गर्व की बात है। बैडमिंटन प्रतियोगिता में सरगुजा संभाग के 60 टीमों ने हिस्सा लेकर खेल को रोचक बनाने में अपना बहुमूल्य सहयोग दिए है। इस दौरान कलेक्टर राजेंद्र कुमार कटारा, पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर, जिपं अध्यक्ष हीरामुनी निकुंज एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंती भगत, जनपद उपाध्यक्ष अशोक सोनी, नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र भगत, नगर पंचायत उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल, कुसमी एसडीएम करुण डहरिया की उपस्थिति में संभाग स्तरीय इनडोर बैडमिंटन प्रतियोगिता का 5 अप्रैल को समापन किया गया।



## कलश यात्रा के साथ मारुतिनंदन ज्ञान यज्ञ एवं रामकथा का शुभारंभ

**अंबिकापुर।** हनुमत सेवा समिति गांधीनगर द्वारा श्री मारुति नंदन हनुमान मंदिर प्रांगण में सोमवार को मारुतिनंदन ज्ञान यज्ञ एवं रामकथा का शुभारम्भ किया गया। इस दौरान आयोजन समिति द्वारा शहर में कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के बाद विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद मारुतिनंदन ज्ञान यज्ञ एवं रामकथा की शुरुआत की गई। बता दें कि शहर के गांधीनगर गांधी चौक स्थित श्री मारुति नंदन हनुमान मंदिर के हनुमत सेवा समिति द्वारा मारुतिनंदन ज्ञान यज्ञ एवं रामकथा का आयोजन 7 से 13 अप्रैल तक किया गया है। हनुमंत लला के पंचदश स्थापना दिवस ( हनुमंत जन्मोत्सव) के अवसर पर समिति द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसके 7 अप्रैल को कलश यात्रा निकाली गई। समाज के पुरुष व महिलाओं द्वारा शहर के शंकरघाट स्थित बांक नदी के ट पर एकत्र हुए और घाट से जल लेने के बाद हनुमान मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई जो मां महामाया मंदिर में जाकर संपन्न हुई। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के पहले दिन सोमवार को कलश यात्रा, के बाद पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, मंडप पूजन के बाद शाम 4 से रात 9 बजे तक मंगलाचरण, रामकथा महिला और सटी मोह का वचन किया गया। इसके साथ ही 8 अप्रैल को शिव विवाह, 9 अप्रैल को नारद मोह, मनु सतरूपा तप, राम जन्म, 10 अप्रैल को बाल लीआ, धनुष ज्ञान, और राम विवाह, 11 अप्रैल को राम वनवास, भरत चरित्र, केंवट प्रसंग और सीता हरण का वाचन किया जाएगा। 12 अप्रैल को प्रातः हनुमान अभिषेक, पूओजं एवं प्रसाद वितरण के बाद सुग्रीव मैत्री, सीता की खोज, लंका दहन तथा अंतिम दिन 13 अप्रैल को रावण वध, अयोध्या वापसी, श्री राम का राज्य अभिषेक, तथा महा भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मारुतिनंदन ज्ञान यज्ञ एवं रामकथा में कथा का वाचन वृन्दावन से पधारे पंडित प्रहलाद जी महराज के द्वारा किया जाएगा।



## बाजे-गाजे के साथ किया गया जवारा विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- जीभ में बाना भेद कर निकाली शोभायात्रा

चैत्र नवमी के अवसर पर आज मायापुर स्थित देवी धाम से गाजे बाजे के साथ मां की ज्वारा निकाली गई। नगर भ्रमण पश्चात महामाया मंदिर में जवारा विसर्जन किया गया। शोभा यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में भक्तों ने बाना को जीभ व गाल से आरपार भेदकर शोभायात्रा में शामिल हुए।

मायापुर चांदनी चौक स्थित देवी धाम से आज दोपहर ज्वार विसर्जन के लिए भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान महिला व पुरुष भक्तो ने अपने जीभ में बाना भेदकर शोभायात्रा में शामिल हुए। धाम से निकली शोभायात्रा मायापुर, गुरुनानक चौक, महामाया चौक, समलाया मंदिर होते हुए महामाया मंदिर पहुंची जहां ज्वार का विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना के साथ विसर्जन किया गया। बताया गया कि मायापुर स्थित देवी धाम पिछले 100 वर्ष ज्वारा रखा जा रहा है तथा परम्परा का निर्वहन धाम के पुजारी रामानंद सिंह द्वारा किया जा रहा है। मान्यता है कि इस धाम में देवी का वास श्रद्धालुओं पर होता है तथा श्रद्धालु अपने जीभ में लोहे के बने बाना को आरपार कर देवी को खुश करते है। शोभायात्रा के दौरान अतिश सिंह(सिन्टू सिंह), सतीश सिंह, कालीचरण, दिनेश बारी, पूनम सिंह, कृष्णा, प्रीति सिंह, भूसील, प्रियंका सिंह, पलक सिंह, बीना सिंह, अविनाश सिंह, राजेन्द्र सिंह, नवीन अग्रवाल, ओमप्रकाश बारी, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।



## रामनवमी पर निकली शोभायात्रा भगवामय हुआ शहर का माहौल

**सीतापुर।** हिंदू नववर्ष के अवसर पर रामनवमी के उपलक्ष्य में नगर में सर्व हिंदू समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। राम दरबार की झांकी के साथ निकली इस शोभायात्रा में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना के बाद स्टेडियम से निकली विशाल शोभायात्रा पूरे नगर का भ्रमण करते हुए मां महामाया मंदिर में समाप्त हुई। इस दौरान पूरे शहर का माहौल भगवामय हो उठा।

विदित हो कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हिंदू नववर्ष में रामनवमी का पर्व नगर समेत पूरे क्षेत्र में बड़े धूमधाम एवं भक्तिपूर्वक मनाया गया। चैत नवरात्र में लोग नौ दिनों तक माता की भक्ति में लीन थे। इस अवसर पर नगर के महामाया मंदिर दुर्गा मंदिर समेत क्षेत्र की आराध्य देवी मां मंगरेलगढ़ धाम में विशेष पूजा अर्चना की जा रही थी जहां माता के दर्शन एवं पूजा अर्चना हेतु पूरे नवरात्र भर भक्तों का तांता लगा रहा। चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाने वाला रामनवमी का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस पर्व को भव्य रूप से मनाने के सर्व हिंदू समाज द्वारा व्यापक तैयारी की गई थी। नगर के चौक चौराहों समेत पूरे शहर को भगवा ध्वज से सजाया गया था। जिससे नगर का माहौल पूरी तरह भगवामय हो उठा। रामनवमी के दिन सर्व हिंदू समाज द्वारा दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना के बाद राम दरबार के साथ लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। ढोल नगाड़े एवं आतिशबाजी के साथ निकली इस शोभायात्रा में नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। नगर भ्रमण के दौरान शोभायात्रा का जगह जगह सामाजिक संगठन नगरवासी समेत मुस्लिम समाज द्वारा पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान बाहर से आये कलाकारों ने भगवान शिव, मां काली एवं हनुमानजी के वेश में अपनी कला का प्रदर्शन किया। पूरे नगर का भ्रमण करने के बाद शोभायात्रा महामाया मंदिर पहुंची जहां पूजा अर्चना एवं महाआरती के बाद इस शोभायात्रा का समापन किया गया। इस दौरान आयोजकों द्वारा छठघाट मे महाप्रसाद का आयोजन किया गया था। जिसमे नगर के श्रद्धालु भक्त शामिल हुए और महा प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सर्व हिंदू समाज एवं नगरवासियों ने अपना भरपूर सहयोग प्रदान किया।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहा राजापुर पीएमश्री स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- स्कूल में शिक्षकों की कमी एवं पेयजल की समस्या

ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु शासन द्वारा शुरू की गई पीएमश्री स्कूल में बच्चों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही है। राजापुर के लकड़ापारा में संचालित पीएमश्री स्कूल में बच्चों को शिक्षक की कमी व पेयजल की गंभीर समस्या के अलावा शिक्षकों की कमी से जूझने विवश होना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष भर पूर्व ग्रामीण अंचलों के गरीब बच्चों को बेहतर वातावरण में मॉडल शिक्षा उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से पीएमश्री स्कूलों का संचालन शुरू कराया गया था। इस योजना के तहत फिलहाल सभी ब्लाकों में एक-दो स्कूलों को चयनित करके उक्त विद्यालय का जीर्णोधार कराकर बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराया जाना है। इसी तारतम्य में सुरजपुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत राजापुर के लकड़ापारा में संचालित प्रायमरी स्कूल को पीएमश्री स्कूल के लिए चयनित किया गया था। यहां पर बताना लाजिमी होगा कि पीएमश्री स्कूल राजापुर में कहने को तो बच्चों की दर्ज संख्या फिलहाल 92 है लेकिन शिक्षक यहां पर एक प्रधान पाठक व एक सहायक शिक्षिका, एक व्यायाम शिक्षक, एक अटैच पर शिक्षक कार्यरत हैं, जिनके भरोसे 92 बच्चों के भविष्य गढ़ने की जिम्मेदारी है। पीएमश्री स्कूल राजापुर में एक शिक्षिका आरती साहू के प्रसव अवकाश पर रहने की वजह अटैचमेंट शिक्षकों के भरोसे ही कार्य संचालित किया जा रहा है। शिक्षकों के अभाव के अलावे पेयजल व शौचालय की भी गंभीर समस्या है, जिससे मासूम बच्चों के अलावे शिक्षकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ जाता है। ऐसी स्थिति में अंदाज लगाया जा सकता है कि शासन की महत्त्वाकांक्षी योजना किस तरह से मैदानी स्तर पर विभागीय अधिकारियों की उदासीनता व सतत मॉनिटरिंग के अभाव में दम तोड़ती नजर आ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि पीएमश्री स्कूल के शुरू होने से आमजन में काफी हर्ष व्याप्त था लेकिन यहां मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध ना होने की वजह से ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को शासन के मंशानुरूप बेहतर शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध नहीं हो पा रही है। पीएमश्री स्कूल में कमरे की कमी की वजह से कक्षा तीसरी की क्लास आज भी बरामदे में ही लगाई जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर पुराने शौचालय में केवल थूक पालिस करके शासकीय राशि का बंदरबाट कर दिया गया है।



### यह होनी चाहिए सुविधाएं

पीएमश्री स्कूलों में शासन के मंशानुरूप नए तकनीक के स्मार्ट क्लास रूम, विज्ञान कक्ष, शौचालय, व्यवसायिक शिक्षा की व्यवस्था, बेहतर भवन, एलईडी बल्ब, वाइट बोर्ड, सेटअप के अनुसार शिक्षकों की पदस्थापना के अलावे पूरे संसाधन उपलब्ध होने चाहिए। बावजूद इसके यहां पर ग्रामीण इलाकों के बच्चों को पूर्ण रूप से संसाधन उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। यहां पर बच्चों के भविष्य के साथ मजाक करते हुए विभागीय अधिकारियों द्वारा केवल कोरमपूर्ती करके अपने जिम्मेदारी से इतिश्री कर ली जा रही है। शासन की महत्त्वाकांक्षी योजना यहां पर केवल कागजों में ही पूर्ण रूप से सफल होती नजर आ रही है।

### कई कार्य करा दिए गए पूर्ण

पीएमश्री स्कूल राजापुर के बेहतर क्रियान्वयन हेतु प्रयास किया जा रहा है। राजापुर पीएमश्री स्कूल में काफी कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। यहां पर शिक्षकों की कमी बड़ी समस्या है, जिसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों से चर्चा कर व्यवस्था पूर्ण कराने प्रयास किए जा रहे हैं। पीएमश्री विद्यालय में शौचालय निर्माण कार्य हेतु 90 हजार रुपए के अलावे एक लाख इंकयानवे हजार रुपए स्कूल कांटीजंसी, ग्रीन स्कूल व अन्य कार्य हेतु भेज दी गई है। यहां पर अतिरिक्त कक्ष का भी निर्माण कार्य कराया गया है, लेकिन शायद शुरू नहीं हो सका है, इसकी जांच कराता हूं।

-**दिनेश द्विवेदी**, पीएमश्री जिला प्रभारी, सूरजपुर

### शिक्षकों की कमी दूर करने चल रहा प्रयास

बीएड की एक शिक्षिका की भर्ती वहां की गई थी, लेकिन उनके सेवा समाप्त होने की वजह से कमी हुई है, लेकिन फिलहाल डीएड वाले शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया शासन स्तर पर पूर्ण करा ली गई है। उम्मीद है कि जल्द ही वहां पर शिक्षकों की कमी की समस्या खत्म हो जाएगी।

-**सुनील कुमार पोर्ते**, बीईओ, सूरजपुर

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411